दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 04 नवंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 460

छठ पूजा की तैयारी में जुटे लोग

संक्षिप्त खबरें ।

ट्रंप और कमला के बीच कांटे की टक्कर ताजा सर्वेक्षण सभी को चौंका रहा

लोक तंत्र की आवाज़

वाशिंगटन। यूमास लोवेल और यूगोव द्वारा किए गए लेटेस्ट सर्वे से पता चला है कि दोनों राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिशिगन, नॉर्थ कैरोलिना और न्यू हैम्पशायर जैसे मैदान वाले राज्यों में बराबरी की टक्कर में हैं। बताया कि उत्तरी कैरोलिना में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस से लगभग 2 प्रतिशत अंकों से आगे चल रहे हैं। 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव है। डेमोक्रेट कैंडिडेट कमला हैरिस और रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। कई सर्वे में दोनों के बीच टफ फाइट देखा जा रहै है। जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं दोनों के बीच जुबानी जंग बढ़ रही है। उत्तरी कैरोलिना में 74 प्रतिशत मतदाताओं का मानना है कि देश गलत रास्ते पर है। दूसरी ओर, मिशिगन में विपरीत दृश्य देखे जा सकते हैं, जहां डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर लगभग 4 प्रतिशत अंकों से बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि मिशिगन में 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश की दिशा के प्रति गंभीर निराशा व्यक्त की है। उल्लेख किया कि पेंसिल्वेनिया में, कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप पर केवल एक अंक की बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि दूसरी ओर न्यू हैम्पशायर राज्य में उनका लाभ लगभग 7 प्रतिशत अंकों के साथ बहुत बड़ा है। लेटेस्ट सर्वे से यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिकी मतदाता डोनाल्ड ट्रंप को आर्थिक मुद्दों और अवैध आव्रजन से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर उम्मीदवार मानते हैं, जबकि दूसरी ओर, कमला हैरिस को गर्भपात के मुद्दों के लिए पसंद किया जा रहा है और उन्हें तुलनात्मक रूप से अधिक भरोसेमंद माना जा रहा है।

लालू–तेजस्वी की आरजेडी में भीतर ही भीतर हो गया बड़ा 'खेल', भारी सेंधमारी पर राजद में खलबली

लोक तंत्र की आवाज़

पटना। बिहार की राजनीति से बड़ी खबर है कि राष्ट्रीय जनता दल के सक्रिय सदस्यों का डेटा लीक हो गया है. बताया जा रहा है कि आरजेडी के साढ़े चार लाख सक्रिय सदस्यों का डेटा लीक किया गया है जिससे पार्टी के भीतर खलबली मच गई है. कहा जा रहा है कि विरोधी दलों की ओर से आरजेडी सदस्यों को अन्य दलों से जुड़ने का कॉल आ रहा है. राजद ने इसे बड़ी साजिश करार दिया है और विरोधी दलों की ओर इस साजिश के लिए जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, आरजेडी सदस्यों को जन सुराज से जुड़ने का कॉल आ रहा है. इस बीच पार्टी के भीतर डाटा लीक होने के मामले की अंदरूनी जांच शुरू कर दी गई है. आरजेडी से कैसे और कहां से डेटा लीक हुआ इसकी जांच कराई जा रही है. प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने पार्टी के भीतर इस बात को लेकर चिंता जताई है. जगदानंद सिंह ने पहले भी जन सुराज में शामिल होने को लेकर चिंता जताई थी। वहीं राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह ने किसी पार्टी का नाम लिये बिना कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है और विरोधी दलों की हताशा को दिखाता है. विरोधी दल के लोग लगातार प्रलोभन की बात कर रहे हैं और उन्हें अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन राजद का कार्यकर्ता इतना कमजोर नहीं है जो किसी प्रलोभन में आ जाए. उन्होंने इशारों में कहा कि व्यापारियों से फंडेड पार्टी की ओर से ऐसा काम किया जा रहा है। बता दें कि जन सुराज की ओर से कार्यकर्ताओं को मिल रहे प्रलोभन को लेकर जगदानंद सिंह ने चिंता जताई थी. जगदानंद सिंह के आरोप को जन सुराज प्रवक्ता संजय ठाकुर ने सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि राजद हताश और निराश हो गया है. उपचुनाव में राजद के उम्मीदवार बुरी तरह घिर चुके हैं और जन सुराज को भारी जन समर्थन मिल रहा है. राजद अपने आधार को बचा नहीं पा रहा है और अनर्गल आरोप लगा रहा है।

भाजपा का यह वोट खरीदने का तरीका, इनके लोभ में नहीं फंसना है: हेमंत सोरेन

लोक तंत्र की आवाज़

खूंटी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी कभी आदिवासियों–मूलवासियों का विकास नहीं चाहती। यही कारण है कि भाजपा हमेश सरकार के विकास कार्यों मेंअड़ंगा डालती है। ारखंड में विकास के काम को गति ना मिले, इसलिए एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र के हाथ में कठपुतली की तरह नाचनेवाली संस्था ने ऐसा किया।

मुख्यमंत्री शनिवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तपकारा में झंडियां गठबंधन के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड से सिर्फ लेना जानती है देना नहीं। केंद्र सरकार ने झारखंड को दुधारू गाय समझ लिया है, वे दूध तो निकालते हैं, पर चारा नहीं देते। यही कारण है कि पूंजीपति लोग और अमीर होते जा रहे हैं जबकि झारखंड गरीब होता जा रहा है। सभा में उन्होंने तोरपा विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार सुदीप गुड़िया तथा खूंटी विधानसभा से झा .मु.मो.प्रत्याशी रामसूर्या मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल में जितना विकास का काम किया है, जितनी विकास योजनाएं लागू की है उसके तले विपक्ष के लोग दब जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ पूंजीपतियों की जमात है, दर्जनों हेलीकाप्टर से उड़ रहे हैं. दूसरी तरफ हेमंत सोरेन है जो उनका मुकाबला कर रहा है। झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के साथ है। ऐसे हजारों लोग बीजेपीको गुजरात भगा देंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री आकर आदिवासी हितों की बात करते हैं, जबकि असम में

आदिवासियों की स्थिति बदतर है। वहां आदिवासियों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनी, तो प्रत्येक परिवार में प्रति वर्ष एक लाख रुपये हर गरीब को देंगे और देंगे। मईयां सम्मान की राशि दिसंबर माह से 2500 रुपये कर दी जायेगी।उन्होंने कहा कि हमारी योजना को देखकर भाजपा के लोग कहते हैं हमें वोट दो हम 2100 रुपये प्रत्येक महीना देंगे। यह भाजपा का वोट खरीदने का तरीका है। इनके लोभ में नहीं फंसना है।सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय दुगुनी नहीं कर सकी। किसानों ने आय दुगुनी करने के लिए लंबा आंदोलन किया, कई लोग शहीद भी हुए। हमने किसानों को राहत देते हुए दो लाख रुपये तक का ऋण माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने लोगों के बकाया बिजली बिल भी माफ कर दिया है।

पहले बिजली नहीं आती थी, सिर्फ बिल आता था। अब राज्य में बिजली आती है पर बिल नहीं आता है। केंद्र सरकार से पीएम आवास का पैसा मांगा, पर नहीं मिला, तब हमने अपने दम पर अबुआ आवास योजना शुरू की। राज्य के 25 लाख गरीब परिवार को आवास देना है।आवास के साथ साथ राज्य के 20 लाख लोगों को नया राशन कार्ड देकर राशन देने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में तपकारा में गोलीकांड हुआ। जल, जंगल जमीन का हक मांगने वाले आठ लोग शहीद हो गये। सभा को खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, दयामनी बारला आदि ने भी संबोधित किया।

राज्य को बचाने के लिए हेमंत को दुबारा लाना है: सांसद

खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि राज्य को बचाने के लिए हेमंत सरकार को दुबारा लाना है। उन्होंने कहा कि तपकारा में हुई चुनावी सभा से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि दुगुने जोश के साथ पार्टी प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे। सांसद ने कहा कि यह चुनाव नहीं, अपने गांव–घर को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य, अपने इलाके को बचाने के लिए हेमंत सोरेन के हाथ को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा अडानी व अंबानी जैसे पूंजीपतियों को यहां बसाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में वोट देकर इंडिया गठबंधन को जिताने का काम किया था, उसी तरह आगामी 13 नवंबर को वोट देकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताना है।

मुख्यमंत्री योगी को जान से मारने की धमकी, कहा-'बाबा सिद्दीकी जैसा हाल कर देंगे, मांगा इस्तीफा

लोक तंत्र की आवाज़

मुंबई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर धमकी भरा मैसेज दिया गया है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल डिपार्टमेंट को अज्ञात नंबर से फोन करके धमकी दी गई है कि अगर 10 दिनों के अंदर योगी आदित्यनाथ ने इस्तीफा नहीं दिया तो उनका हाल भी बाबा सिद्दीकी की तरह किया जाएगा। बीते शनिवार शाम को मिले इस धमकी भरे संदेश के बाद मुंबई पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। अज्ञात की तलाश की जा रही है।

महिला के नाम पर दर्ज है मोबाइल नंबर: फिलहाल पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीएम योगी को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने एक 24 वर्षीय महिला को नोटिस दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी भी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं की

है। चूंकि जिस नंबर से फोन आया था, पुलिस ने उस नंबर को ट्रैक किया तो वह जिस महिला के नाम पर रजिस्टर था उसका नाम फातिमा खान बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि जिस महिला के नाम पर फोन रजिस्टर है, उसी ने धमकी दी थी या किसी और ने। महिला मुंबई से सटे उल्हासनगर इलाके की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस, ठाणे पुलिस और वर्ली पुलिस कर रही है। इस मामले में पता चला है कि महिला की मानसिक स्थिति कमजोर है। हालांकि पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। उसके मानसिक रूप से पीड़ित होने की जानकारी को लेकर मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही औपचारिक तौर पर कुछ कहा जा सकता है।

पप्पू यादव को भी जान से मारने की धमकी: बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अब बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद पप्पू यादव को भी लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पप्पू यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से लेकर गृह मंत्रालय तक की है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पप्पू यादव को धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन पप्पू यादव ने इसके बाद भी एक सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए कहा है कि उनके घर की रेकी की गई है। अभी भी उनकी जान को खतरा है, पुलिस ने किसे गिरफ्तार किया है, इस बारे में उन्हें कुछ नहीं पता है।

जिस देश में हजारों साल की संस्कृति का आधार सत्य है, वहां सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए : प्रियंका गांधी

लोक तंत्र की आवाज़

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि जिस देश में हजारों साल की संस्कृति का आधार सत्य है, वहां सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। प्रियंका ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों से बार–बार खोखले वादे करके देश के सर्वोच्च पद की गरिमा को नष्ट किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की चिंता करने के बजाय, मोदी को सत्य का सहारा लेकर अपने पद की गरिमा को बहाल करने पर काम करना चाहिए। प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी शुक्रवार को मोदी द्वारा यह कहे जाने के बाद आई है कि कांग्रेस लोगों से ऐसे वादे करने के कारण बुरी तरह बेनकाब हो गई है, जिन्हें पार्टी जानती है कि वह कभी पूरा नहीं कर पाएगी। प्रियंका गांधी ने हिंदी में एक्स में एक पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी कहते थे सत्य ही ईश्वर है। मुण्डकोपनिषद में लिखा सत्यमेव जयते हमारा राष्ट्रीय आदर्श वाक्य है। सत्य की स्थापना करने वाले ये आदर्श वाक्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, भारत के पुनर्निर्माण और सार्वजनिक जीवन के आदर्श बन गए। जिस देश में हजारों साल की संस्कृति का आधार सत्य है, वहां सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति को झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस पर लगाए गए आरोप सत्य से कोसों दूर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनते ही अगले चुनाव का इंतजार किए बिना जनता से किए गए वादों को पूरा करना शुरू कर दिया। कांग्रेस महासचिव ने पोस्ट में कहा, चाहे कर्नाटक हो, तेलंगाना हो या हिमाचल प्रदेश, हर रोज गारंटी के जरिए लोगों का पैसा उनकी जेब में डाला जा रहा है।

फारूक अब्दुल्ला के बगावती तेवर, आतंकी हमले को लेकर साधा केन्द्र सरकार पर निाना

लोक तंत्र की आवाज़

श्रीनगर। कश्मीर के तीन जिलों में शनिवार को हुई तीन मुठभेड़ों में तीन आतंकवादियो के मारे जाने और चार सुरक्षाकर्मियों के घायल होने के बाद फारूक अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला की सरकार को अस्थिर करने के लिए घरेलू साजिश का आरोप लगाया है। उनका इशारा भाजपा की तरफ माना जा रहा है।

सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख ने सवाल किया है कि जब एक निर्वाचित सरकार ने सत्ता संभाली है तो हमले क्यों बढ़ गए हैं, उन्होंने ₹एजेंसी₹ की संलिप्तता का संकेत दिया और ₹स्वतंत्र जांच₹ की मांग की है। फारूक ने हिंसा में किसी भी पाकिस्तानी भूमिका से इनकार किया। उधर स्थानीय बीजेपी ने पाकिस्तान पर आरोप लगाते हुए उन पर पलटवार किया है।

मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के सत्ता में आने के एक पखवाड़े में कश्मीर क्षेत्र में उग्रवाद में नाटकीय वृद्धि देखी गई है। इसे देखते हुए कई लोगों ने हिंसा के समय पर सवाल उठाए हैं। श्रीनगर के खानयार इलाके में गोलीबारी महीनों की शांति के बाद हुई है।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने कहा है कि एक पुलिस इंस्पेक्टर की हत्या सहित कई हमलों में कथित तौर पर शामिल लश्कर आतंकवादी उस्मान लश्करी श्रीनगर मुठभेड़ में मारा गया है। सीआरपीएफ के दो जवान और दो पुलिसकर्मी घायल हुए लेकिन उनकी हालत स्थिर है। उधर दक्षिणी कश्मीर के शांगस में सुरक्षा बलों ने जंगल में छिपे दो आतंकियों को मार गिराया. पुलिस ने कहा कि बांदीपोर में तीसरा ऑपरेशन चल रहा है, जहां शुक्रवार शाम को

गोलीबारी शुरू हुई थी।

16 अक्टूबर को उमर के शपथ ग्रहण के बाद से घाटी में लगभग आधा दर्जन हमले और तीन जगह गोलीबारी हुई हैं, जिनमें 15 लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। शुक्रवार को बडगाम के एक गांव में आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के दो प्रवासी मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया था।

फारूक ने कहा है कि जांच होनी चाहिए, ऐसा कैसे हो रहा है कि एक सरकार आई और ये चीजें हो रही हैं? मुझे संदेह है कि यह उन लोगों का काम है जो इस सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। ऐसा पहले क्यों नहीं हो रहा था? आज क्यों?

उन्होंने कहा कि श्रीनगर में गोलीबारी में शामिल आतंकवादियों को मारा नहीं जाना चाहिए था बल्कि गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उनसे पूछताछ की जानी चाहिए ताकि वे यह बता सकें कि हमलों के पीछे कौन था। उन्होंने कहा संकट पैदा करने की कोशिश हो रही है. अगर वे पकड़े जाते, तो यह स्पष्ट हो जाता कि यह कौन कर रहा है।

पाकिस्तान की संभावित भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर, फारूक ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि एक ₹एजेंसी₹ इसमें शामिल हो सकती है।

जम्मू–कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने फारूक की आलोचना करते हुए कहा कि आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान का हाथ है और किसी अन्य एजेंसी की संलिप्तता की जांच करने की कोई जरूरत नहीं है।

बिहार में सियासी हलचल: लालू प्रसाद की नैया पार लगाने साथ आ सकते हैं माझी

लोकतंत्र की आवाज

गया। चार विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप चुनाव को लेकर बिहार में इन दिनों आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच जन सुराज पार्टी के संस्थापक और पार्टी के स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी को पलटू बताते हुए कहा कि यह उन्हें भी नहीं पता होगा कि कब पलटकर वह राजद के साथ आ जाएंगे।

प्रशांत किशोर ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज प्रत्याशी जितेंद्र पासवान के समर्थन में कहा कि बिहार में दो ही पार्टियां हैं एक लालू यादव की राजद और दूसरी नरेंद्र मोदी की भाजपा। उन्होंने कहा कि जदयू के

नीतीश कुमार और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता जीतन राम मांझी भी नहीं जानते कि वे कब पलटकर लालटेन थाम लेंगे और कब कूदकर कमल पर बैठ जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले जनता कहती थी कि हमारे पास विकल्प की कमी है। लेकिन, अब ऐसा नहीं है। अब जनता के पास जन सुराज का विकल्प है, जिसकी सोच समाज के अच्छे लोगों को राजनीति से जोड़ना और जनता का राज स्थापित करना है। उन्होंने आगे कहा कि उपचुनाव में जनता को संकल्प लेना होगा कि वह अपने बच्चों के भविष्य, उनकी शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करेंगे, ना कि मांझी या किसी अन्य नेता के बच्चों को राजा बनाने के लिए। प्रशांत किशोर ने लोगों को से कहा।

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव पर कांग्रेस मेहरबान, महाराष्ट्र और झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

लोक तंत्र की आवाज़

पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को कांग्रेस पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चा तेज हो गई है। वे झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। इस संबंध में खुद पप्पू यादव ने कांग्रेस आलाकमान को पत्र लिखा था। इसे आलाकमान ने हरी झंडी दे दी है। इस बात की पुष्टि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की है। उन्होंने पप्पू यादव से झारखंड और महाराष्ट्र में उनके प्रस्तावित दौरे की जानकारी भी मांगी है।

केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को पप्पू यादव को लिखे पत्र में कहा कि सांसद ने कांग्रेस आलाकमान से दोनों राज्यों में चुनाव प्रचार करने की इच्छा जताई थी। इसके मद्देनजर सांसद को इसका जवाब दिय गया है। उन्होंने पप्पू यादव से अपने दौरे का कार्यक्रम भी साझा करने को कहा गया है। ताकि वहां के स्थानीय नेताओं के साथ बात करके उनकी रैली के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा सके। कांग्रेस महासचिव ने इस सामूहिक मिशन को मजबूत करने में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा जताई है।

पप्पू यादव की गिनती बिहार के उन चुनिंदा दबंग लोगों में होती है जो बाहुबली से नेता बने हैं। एक समय था जब कोसी और सीमांचल में पप्पू यादव की तूती बोलती थी। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हुए और जेल भी गए। वे छह बार सांसद रह चुके हैं। इसी साल लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था।

लोकसभा चुनाव 2024 में पप्पू यादव कांग्रेस के टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ना चाहते थे। मगर लालू एवं तेजस्वी यादव की आरजेडी ने यह सीट अपने अपने खाते में ले ली। ऐसे में पप्पू यादव ने निर्दलीय ही चुनावी मैदान में ताल ठोक दी। नतीजा यह रहा कि पप्पू यादव पूर्णिया से जीत गए और आरजेडी की कैंडिडेट रहीं बीमा भारती को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। पार्टी लाइन से हटकर चुनाव लड़ने के बाद भी पप्पू यादव ने कांग्रेस के प्रति अपना समर्पण जारी रखा।

झारखंड चुनाव का आज 'महा रविवार', मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अमित शाह बढ़ाएंगे सियासी पारा

लोक तंत्र की आवाज़

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का महा रविवार आज है. आज बीजेपी की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनावी प्रचार के लिए उतरने वाले हैं. वे झारखंड चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र भी जारी करेंगे. वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ताबड़तोड़ कई जनसभाएं करने वाले हैं. सीएम हेमंत सोरेन आज गुमला जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों, गुमला और बिशुनपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

इस दौरान वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी भूषण तिर्की के समर्थन में

मतदाताओं को संबोधित करेंगे और पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे. सीएम सोरेन की पहली सभा चैनपुर प्रखंड के बरवे मैदान में आयोजित होगी, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे घाघरा स्थित बदरी स्कूल जतरा मैदान में दूसरी सभा करेंगे. यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रमुख जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जो क्षेत्र की जनजातीय संस्कृति को सम्मान देने का प्रतीक भी है। झामुमो ने इन चुनावी सभाओं में बड़ी भीड़ जुटने की उम्मीद जताई है, वहीं मुख्यमंत्री सोरेन अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास कार्यों, योजनाओं और झामुमो सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा करेंगे।

दूसरी ओर अमित शाह रविवार सुबह 9 बजे विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी के संकल्प पत्र का लोकार्पण करेंगे. इसके बाद वो बरकट्ठा, सिमरिया और घाटशिला में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करेंगे. बीजेपी के घोषणापत्र में संताल परगना में हो रहे बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासी समाज की जनसंख्या कम होने के मामले को भी महत्व दिया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें ।

कायस्थ परिवारों ने धूमधाम से की अपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली :नगर पंचायत क्षेत्र के बभन टोली में कायस्थ परिवारों द्वारा रविवार को अपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा–अर्चना पंडित जितेन्द्र पांडेय की देख रेख में बड़े धूमधाम से सम्पन्न हुआ।लोगों ने अपने इष्ट देव से सुख,समृद्धि, शौर्य एवं प्रखर बुद्धिमान की मंगलकामना की।रजौली विष्णु परिवार के डॉ गणेश शंकर, राजीव कुमार, विजय कुमार, संजय कुमार अधिवक्ता, संजय कुमार बब्लू, अजय कुमार उर्फ चुन्नू, पंकज कुमार सिन्हा,पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा पप्पू,अंकित कुमार, शिवम कुमार, ऋषि कुमार,संजय कुमार सिन्हा, शानू कुमार सिन्हा, अधिवक्ता सुनील कुमार,अधिवक्ता अखलेश कुमार, मुन्ना सिन्हा, सुमन कुमार, विनय कुमार सिन्हा, आशीष रंजन सिन्हा, प्रेम रंजन,राजीव रंजन,प्रियांशू रंजन समेत दर्जनों कायस्थ परिवार के लोगों ने बड़े धूमधाम से आपने इष्ट देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की पूजा–अर्चना की।साथ ही पूजा उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।भगवान चित्रगुप्त की कथा के बारे में पंडितों का कहना है कि भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के शरीर से उत्पन्न हुए थे।उनका नामांकरण ब्रह्मा जी के द्वारा किया गया था और उन्हें यमराजपुरी में रहकर धर्म–अधर्म का लेखा–जोखा रखने का कार्यभार सौंपा।तब से लेकर आज तक कायस्थ परिवारों को भगवान चित्रगुप्त का वंशज माना जाता है और तभी से कायस्थ जाति के लोग चाहे व्यवसाय हो या कोई अन्य धंधा।वे खाता–बही रखने का कार्य करते हैं। पूजा कार्यक्रम के मौके पर दर्जनों महिला व पुरुष शामिल थे।

सिरदला– महूगांय गाँव में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर मेले का किया गया आयोजन

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला प्रखंड के सांढ़ मंझगावां पंचायत के महूगांय गाँव में पिछले 72 वर्षों से लगातार दीपावली के अवसर पर माता लक्ष्मी समेत अनेक देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय मेले आयोजन किया जाता रहा है। इस आयोजन में महूगांय गांव के सभी लोगों का सामूहिक सहयोग रहता है। मौके पर अनुगप्ति धारी मन्द्रिका पांडे, बुगल यादव, विनोद पांडे, सतेंद्र प्रसाद, कुंदन पांडे, धीरेंद्र प्रसाद, प्रवीण सिंह, संतोष शर्मा, राकेश कुमार, प्रेम सिंह, पवन कुमार, मंटू पांडे, चंदन राजवंशी, पवन साव, प्रवीण कुमार, मंटू कुमार, चुन्नू कुमार, छोटू पंडित, प्रेम कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

झूठ की सियासी जमीन पर नफरत की खेती कर रहे तेजस्वी : प्रभाकर दशहरा हो या दिवाली, बिहार में दिखती है खुशहाली दुशासन जैसे लोगों को नहीं दिख सकता बिहार का सुशासन

गया । भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा किये गये पोस्ट पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव झूठ की जमीन पर नफरत की खेती कर रहे हैं। झूठे आंकड़े पेश कर नफरत फैलाना और लोगों को गुमराह करना तेजस्वी की फितरत है। जिसकी आंखों पर अज्ञानता और भ्रष्टाचार का काला चश्मा चढ़ा होता है, उसे हर तरफ अंधेरा दिखायी देता है। तेजस्वी यादव की स्थिति भी ऐसी ही हैं। इन्हें बिहार में कभी अच्छा नहीं दिख सकता। कमी यहां के जहान में नहीं, तेजस्वी के ज़ेहन में है। मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिसकी जैसी सोच होती है, उसे हर तरफ वैसा ही दिखता है। महान संत कवि तुलसीदास जी ने भी कहा है, 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'। तेजस्वी को बिहार का विकास नहीं, सिर्फ यहां की लोमहर्षक घटनाएं दिखती है, तो यह कमी बिहार की शासन व्यवस्था में नहीं, तेजस्वी के नजरिए में है। श्री मिश्र ने कहा कि कौए की नजर हमेशा गंदगी पर होती है, इसमें किसका दोष है? दोष है, तो उसकी प्रवृत्ति और परिवेश का। दुशासन जैसे लोगों को बिहार का सुशासन नहीं दिख सकता है। मिश्र ने कहा कि तेजस्वी रोज झूठे आंकड़े पेश करते रहें। इससे बिहार के लोगों का एनडीए सरकार के प्रति अटूट विश्वास कभी कम नहीं होनेवाला। सही ही कहा गया है, 'हाथी चले बाजार....।

जिले का चहुंमुखी विकास होगी हमारी पहली प्राथमिकता : डीएम

नवादा के 45वें डीएम के रूप में रविवार को रवि प्रकाश ने अपना योगदान दिया

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा के 45वें डीएम के रूप में रविवार को रवि प्रकाश ने अपना योगदान दिया । रविवार की छुट्टी होने के बावजूद नोटिफिकेशन जारी करने के 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने अपना योगदान दिया । योगदान देने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि जिले का विकास होगी मेरी पहली प्राथमिकता। मैं यहां लोगों के उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा । बिहार सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करूंगा । मीडिया के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी पदभार ग्रहण किया हूं । पहले जिले को समझने का मौका मिलता है उसके बाद ही आगे की रणनीति तय कर पाऊंगा । लोगों को न्याय मिले, ऐसी हमारी प्राथमिकता होगी । पदभार ग्रहण करने के दौरान डीडीसी, एडीएम के साथ सारे विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत ही वे छठ व्रतियों के निमित्त मिर्जापुर स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट का अवलोकन किया और कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि छठ वत्तियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसका पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा । उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ अजीत कुमार शर्मा को इस संबंध में कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए और कहा कि छठ व्रतियों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए । छठ घाट के निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ अखिलेश कुमार भी मौजूद रहे ।

नवादा के ओरैना गांव में 100 वर्षों से हो रहे लक्ष्मी पूजा में भक्ति संगीत एवं दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा प्रखंड के ओरैना ग्राम में 100 वर्षों से भी अधिक समय से लगातार चलते आ रहे हैं लक्ष्मी पूजा का आयोजन। इस अवसर पर चार दिवसीय भक्ति संगीत एवं जागरण कार्यक्रम के साथ–साथ हजारों दिए एक साथ जलाने के कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षाविद एवं समाजसेवी और मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के निदेशक डॉ अनुज सिंह के द्वारा किया गया। पूजा समिति के सुमन राय, दीपक कुमार, धीरज कुमार सहित सभी ग्रामीण जन के आमंत्रण पर समारोह में पहुंचे डॉ अनुज सिंह ने कहा कि यहां पिछले 100 से ज्यादा वर्षों से लक्ष्मी पूजा होते आ रहा है यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। सैकड़ो वर्षों से अनवरत पूजा होते रहना एक बड़ी बात है और इसके लिए सभी ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। दीपावली ,लक्ष्मी पूजा, छठ पूजा आदि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह गांव के लोगों का दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ के आयोजन से आज की हमारी जो पीढ़ियां है और हमारे बच्चे हैं उनके ऊपर इसका बहुत अच्छा असर होता है। हम सभी को अपने बच्चों को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना चाहिए और यथासंभव प्रत्येक बच्चा को बढ़िया शिक्षा दीक्षा का प्रबंध करना चाहिए। उन्होंने ग्राम वासियों से अपील किया इस तरह का आयोजन करते रहें । अपने बच्चों को धर्म और शिक्षा से जोड़कर रखें। साथ ही प्रत्येक घर के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों को अच्छी तरह शिक्षा दीक्षा देने में कोई कसर न छोड़। पचाढा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार , समाजसेवी संजय कुमार ,दिलीप कुमार, विपिन कुमार आदि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनुज सिंह के साथ थे। इस अवसर पर औरैना ग्राम के पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, ग्रामीण सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह अभिषेक कुमार चंचल सिंह गोपाल सिंह रामनिवास कुमार ,माधव ,मनु पांडे दीपक कुमार सीताराम सिंह अनिल कुमार सिंह ,कमलनयन ,श्रीमती मंजू देवी ,किशोर सिंह सहित हजारों ग्रामीण महिला पुरुष भक्ति संगीत का आनंद लेने के लिए वहां मौजूद थे।

पूर्व राज्यमंत्री स्व आदित्य बाबू की मनी 12 वीं पुण्यतिथि पैतृक गांव नरहट में सैकड़ों गण्यमान्य लोगों ने उनके प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया

लोक तंत्र की आवाज

नरहट (नवादा)। पूर्व राज्य मंत्री स्व आदित्य सिंह की 12 वीं पुण्यतिथि इनके पैतृक गांव नरहट में समारोह पूर्वक मनाया गया। पुत्रवधु हिसुआ विधायक नीतू कुमारी, पप्पू सिंह, सुमन सिंह, सौरव सिंह समेत स्वजनों ने विधिवत पूजन अर्चना कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में गण्यमान्य लोगों ने आवास स्थित बने उनके प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यकम को संबोधित करते हुए पाली कला पंचायत के मुखिया धनन्जय कुमार ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदित्य बाबू गरीबों के मसीहा थे। जात पात से ऊपर उठ कर सब के सुख दुख में साथ रहते थे। इस कारण क्षेत्र की जनता ने लंबे समय तक अपने क्षेत्र का विधायक बना कर विधान सभा भेजते रहे। पैक्स अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि पूर्व राज्यमंत्री स्व आदित्य बाबू कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं करते थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष करते रहते थे। सभी लोगों को साथ लेकर चलने का काम करते थे। इस अवसर पर कई लोगों ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

नवादा के 45वें जिला पदाधिकारी बने रवि प्रकाश , संभाला कार्यभार बोले – छठ पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराना व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिता

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । नवादा जिले के 44 वें जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने के बाद बिहार सरकार ने जिले में नये डीएम की तैनाती कर दी है। जहानाबाद जिला के काको प्रखंड के देवघरा के रहने वाले 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के रवि प्रकाश को नया जिलाधिकारी बनाया गया है।नव पदस्थापित डीएम रवि प्रकाश ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रभारी डीएम ने पदभार सौंपते हुए नए डीएम को बधाई एवं शुभकामना दी। पदभार ग्रहण करते हुए नवनियुक्त जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में छठ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य इन दोनों क्षेत्र में ज्यादा काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित अपर समाहर्ता चन्द्रशेखर आजाद ने गुलदस्ता भेंट कर नये समाहर्ता की आगवानी की। ज्ञातव्य हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि प्रकाश उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर थे। वे पूर्व में शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षा निदेशक का भी दायित्व निभा चुके हैं।अब सरकार ने नवादा जिले के जिलाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है।जिलाधिकारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद छठ घाट, सूर्य मंदिर, मिर्जापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर काफी भीड़ लगती है गोताखोर तैनात रखेंगे, किसी भी तरह का अप्रिय घटना ना हो इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। छोटे बच्चे और बूढ़े के पॉकेट में उनका पता एवं मोबाइल नंबर अवश्य रहना चाहिए, इसके लिए प्रचार– प्रसार के माध्यम से उन्हें जानकारी देंगे। उन्होंने उपस्थित कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया कि छठ घाट पर साफ सफाई करवाएंगे ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाएंगे। विद्युत की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, टैंकर की व्यवस्था, जीवन रक्षक दवाइयों की व्यवस्था, यातायात की व्यवस्था आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त , अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा के साथ–साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

कदहर गांव में चोरों ने गृहस्वामी को बंधक बनाकर लाखों की सम्पत्ति उड़ाए क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल

लोक तंत्र की आवाज

रौशन कुमार सोनू
कौआकोल(नवादा)। कौआकोल में इन दिनों लगातार चोरी एवं छिनतई समेत आपराधिक घटनाओं में ईजाफा देखने को मिल रही है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के खड़सारी पंचायत के कदहर गांव में देखने को मिला है। जहां चोरों ने शनिवार की देर रात्रि घर के दरवाजा बंद कर एवं गृहस्वामी व उनके परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये नकदी,आभूषण समेत बेशकीमती कपड़ा की चोरी कर लिया। घटना के बाद रविवार को पुलिस को सूचना देकर एवं कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित गृहस्वामी कदहर गांव निवासी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार–रविवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने मेरे घर से सटे दीवाल से घुसकर सुप्तावस्था में पुत्र और पत्नी के कमरा को बाहर से कुंडी बन्द कर एवं रस्सी से बांधकर आराम से घर में रखे लगभग अस्सी हजार रुपये नकदी,सोने का चैन,हार समेत अन्य सोना–चांदी के जेवरात एवं बेशकीमती साड़ी आदि की चोरी कर आराम से चलते बनें। घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल कायम होकर रह गया है। बता दें कि इसके पूर्व हाल ही में थाना क्षेत्र के बरौन गांव में 26 अक्टूबर को ललन सिंह एवं अभय सिंह के घर में जबकि 16 अक्टूबर को जोगाचक गांव में होमियोपैथी चिकित्सक डॉ० दिवाकर कुमार के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों की जेवरात,नकदी आदि की चोरी कर लिया। बावजूद अब तक हुए चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करने में पुलिस के असफल रहने से चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है एवं लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास उठता जा रहा है। जबकि थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार घट रही चोरी,छिनतई,मारपीट तथा हत्या की घटनाओं में वृद्धि होने से क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत का माहौल कायम हो चुका है। क्षेत्र के लोगों ने नवादा एसपी से कौआकोल थाना क्षेत्र में लगातार घट रही इस तरह की अपराधिक घटनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुलिस गश्ती करने एवं अपराध पर अंकुश लगाने की मांग की है।

राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से आयोजित दंगल प्रतियोगिता में कृष्णा यादव ने मारी बाजी

लोक तंत्र की आवाज

शम्भु विश्वकर्मा
नवादा । गोवर्द्धन मंदिर समिति के अध्यक्ष और पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से गोवर्द्धन पूजा के सुअवसर पर रविवार को विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन नवादा के प्रसिद्द हरिश्चंद्र स्टेडियम के नवनिर्मित कुश्ती अखाड़े में किया गया । इस दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन नवादा एमएलसी अशोक कुमार ने किया जबकि निर्णायक की भूमिका में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शारीरिक शिक्षक अलखदेव प्रसाद , प्रो धनराज प्रसाद , शिक्षक रामबिलास प्रसाद और लालकेश्वर राय नजर आये । दंगल प्रतियोगिता का नेतृत्व समिति के सचिव महेंद्र यादव कर रहे थे जबकि मंच से खेल पर नजर रखने में सुरेन्द्र यादव , नंदकिशोर बाजपेयी , राजेन्द्र यादव , ब्रजेंद्र कुशवाहा शशिभूषण शर्मा आदि ने अहम भूमिका निभाई । सर्वप्रथम अखाडा पूजन जानकी यादव ने किया और पंजीकृत पहलवानों को अखाड़े में उतारा गया । पूर्व की भाँती इस वर्ष भी स्थानीय पहलवानों के अलावे हरियाणा , जम्मू कश्मीर , झारखण्ड और पंजाब जैसे राज्यों के पहलवान भी अखाड़े में जोर आजमाइश किया । जूनियर ग्रुप में कुल 5 राउंड और सीनियर ग्रुप में 4 राउंड की कुश्ती हुई जिसमें लगभग60 पहलवान प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में कुल (46) पहलवानों ने भाग लिया जबकि सीनियर ग्रुप में कुल (12) पहलवानों ने दमखम दिखाया । दंगल प्रतियोगिता में विजेताओं की सूची इस प्रकार रही ।जूनियर वर्ग प्रथम विजेता – तरुण यादव हरियाणा (कोल्हा बिगहा) उपविजेता – शतीस यादव सिकन्दरा जमुई सीनियर ग्रुप – प्रथम विजेता – कृष्णा यादव हरियाणा (कोल्हा बिगहा)उपविजेता – विधाता यादव , बकसोती नवादाइन सभी विजेताओं को पूर्व घोषणा के अनुसार जूनियर वर्ग के प्रथम विजेता को 11 हजार रूपये , उपविजेता को 5 हजार 1 सौ रूपये नगद प्रदान किये गए । इसी प्रकार सीनियर ग्रुप में प्रथम विजेता को 21 हजार रूपये और उपविजेता को 11 हजार रूपये नगद राशि के साथ एक एक लंगोटा प्रदान किया गया । इसके अलावे प्रत्येक राउंड के विजेता खिलाडियों को भी सांत्वना पुरस्कार के साथ लंगोटा प्रदान किया गया । एमएलसी अशोक कुमार ने विजेता पहलवानों को शुभकामनायें देते हुए अखाड़े के अनुशासन के लिए समस्त कुश्ती प्रेमियों को बधाई दी । मंच पर विशिष्ठ लोगों में मथुरा यादव , एकलव्य यादव , अवधेश कुमार , प्रिन्स तमन्ना , रामलखन प्रसाद , रवीन्द्र यादव आदि शामिल रहे ।

सिरदला में नम आंखों से दी गयी मां लक्ष्मी की विदाई फ़ोटो––सिरदला में रविवार को विसर्जन को जाते भक्तजन मां लक्ष्मी की प्रतिमा

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
नवादा । जिले के सिरदला प्रखंड के विभिन्न पूजा स्थलों पर स्थापित की गयी माँ लक्ष्मी समेत अन्य देवी देवताओ की प्रतिमाओ का विसर्जन रविवार को शांति पूर्वक किया गया। प्रखंड मुख्यालय के सिरदला नीचे बाजार स्थित महावीर मन्दिर में बिठायी गयी मां लक्ष्मी की प्रतिमा को झगड़ी बिगहा स्थित तालाब में विसर्जित किया गया।लोगो ने भक्ति भाव से माता लक्ष्मी की प्रतिमाओ को विदाई दी।सिरदला फूल बगान चौक पर महेंद्र लाल के द्वारा स्थापित प्रतिमा व सिरदला नीचे बाजार के पूजा समितियों ने पुराणी परम्पराओ को कायम रखते हुए माता लक्ष्मी व अन्य देवीं देवताओं की प्रतिमा को सिरदला बाजार का भ्रमण किया।इस दौरान महिलाओ ने नम आँखों से खोइच्छा भर कर माता को विदाई दी।दृश्य कुछ ऐसा लग रहा था मानो बेटी को विदाई दी जा रही है।लक्ष्मी की प्रतिमा को पूजा अर्चना कर विदाई दी गयी।इस दौरान जय माँ लक्ष्मी की जयघोष से माहौल गुंजायमान होता रहा।।तमाम वरीय अधिकारी घूम घूम कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे।इधर सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम एवं परना डावर प्रभारी थानाा अध्यक्ष संजय कुमार ने प्रखंड़ के बड़गांव,,लौंद, सिरदला नीचे बाजार, तथा सिरदला फूल बागान चौक पर बिठाये गये मां लक्ष्मी की प्रतिमा का शांति पूर्वक विसर्जन करवाने में सहयोग किए।

हिसुआ जदयू के नवगठित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी दस्यों की बैठक आयोजित

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा । रविवार को प्रखंड जनता दल यूनाइटेड हिसुआ के नवगठित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुशवाहा जी ने एवं मंच संचालन ईश्वरी प्रसाद जी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी जी ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा जो बिहार के चौमुखी विकास हुआ है उस पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति की रक्षा ,मानव जाति की रक्षा, पशु पक्षी की रक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा विषयों पर चर्चा करते हुए हम एक चीज को पाते हैं कि बिहार में जातिगत स्थिति और जो बिहार के अंदर गरीबी, पिछड़ापन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, को समूल्य नष्ट करने के लिए मुख्यमंत्री ने कार्य योजना बनाकर सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास करने का काम किया है आज बिहार को विकसित बिहार की ओर अग्रसर है। पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी बिना किसी भेदभाव के बिना अपने सता का परवाह किए घाटा होगा , फायदा होगा इसका बिना परवाह किए मुख्यमंत्री जिस तरह से बिहार के सर्वांगीण विकास का काम किया। उन तमाम चीजों को बारीकी से उन सभी विषयों पर काम किए हैं। समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों के समस्या को देखते हुए उन सभी समस्याओं को निराकरण करने के लिए अनेकों प्रकार के कार्य कर्म बनाकर उन समस्याओं को निदान करने का प्रयास किया गया है। सभी वर्ग धर्म के उत्थान के लिए और उनके सम्मान के लिए जो भी कार्य योजना बननी चाहिए थी। उन तमाम कार्यक्रमों को बनाकर लागू करने का काम किया है।सभी लोगों के लिए समान रूप से कार्य किया गया है आज समाज काफी आगे बढ़ा है। सभी वर्ग धर्म के लोगों के बाल बच्चे पढ़ लिख रहे हैं ।अपने भविष्य को संवारने में लगे हुए हैं । मनुष्य के विकास के अलावे प्रकृति संरक्षण करते हुए पशु ,पक्षियों का भी विकास कैसे हो उसके लिए भी दिन–रात चिंतित रहने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पर्यावरण संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर पर्यावरण को बनाए रखने के लिए काम किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री जी बिहार ही नहीं देश दुनिया में एकलौते व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हम लोगों को मिला है जिनके कार्यों की प्रशंसा विदेशों में हो रहा है विदेश के नेताओं ने हमारे नेता को क्लाइमेट लीडर के रूप में माना है । हमलोगों के नेता जो कार्यक्रम बनाते हैं भारत के अन्य प्रदेशों के अलावे भारत सरकार ने भी अपने कार्य कर्मों में लागू कर लागू करने का काम कर रहा है। बैठक में विधानसभा प्रभारी श्री सिंधु पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, अभियान समिति प्रभारी सतीश कुमार कुशवाहा, शोभा देवी, अवधेश कुशवाहा ,ओम प्रकाश वर्मा, सुजीत कुशवाहा, नवीन सिंह ,संजय कुमार, दिनेश कुमार शर्मा ,राजेंद्र पंडित, मिश्री राजवंशी, रामधनी चौधरी, आलोक महतो ,सुनील कुमार, गोवर्धन महतो, मनोरंजन शर्मा, अनुरोध सिंह, तुलसी कुमार, कमलेश कुमार, सुनैना देवी, अंजला देवी, विजय मांझी, पंचायत अध्यक्ष पप्पू चौधरी, सुभाष कुमार ,पप्पू कुमार ,रूबी देवी ,शंभू प्रसाद ,विकास कुमार वर्मा ,विनोद कुमार ,संजय कुमार, लखेश्वर मांझी ,राम सहाय महतो के अलावे सैकड़ो साथियों ने बैठक में भाग लिए।

संक्षिप्त खबरें ।

बिजनौर गांवों में दो दिन मनायी गई दीपावली

रिपोर्ट वकार अहमद
नांगल सोती गांवों में कल भी दीपावली धूमधाम से मनाई गई। आज गोवर्धन पूजा की तैयारियां की जा रही हैं। अमावस्या तिथि बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार दो दिन होने के कारण इस बार दो दिन दीपावली मनाई गई। युवाओं, किशोरों ने खूब आतिशबाजी की। लोहे की नाल में गंधक तथा पोटाश को मिलाकर पटकाने का चलन बहुत ज्यादा बढ़ा है। छोटे– छोटे बच्चे भी गंधक–पोटाश से भरी नाल पटकाते नजर आये। बच्चों ने अनार, रॉकेट छोड़े तथा फुलझड़ियां चलाईं। आज शाम को गोवर्धन पूजा की जायेगी। महिलायें गोवर्धन पूजा की तैयारियों में जुटी हुई हैं। पूजा के लिये गाय/गौवंश के गोबर से गोवर्धन पर्वत रूपी आकृतियां तैयार की जाती हैं। इन्हें फूल, पत्तियों तथा गाय की आकृतियों से सजाया जाता है। गोवर्धन की आकृति तैयार कर उनके मध्य में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति, तस्वीर रखी जाती है। साथ ही मिट्टी का दीया रखा जाता है। पूजा स्थल पर कृषि यंत्र व फसल के प्रतीक स्वरूप गन्ने भी रखे जाते हैं। श्रद्धापूर्वक भगवान श्रीकृष्ण व गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है। अंत में गोवर्धन के गीत गाते हुए गोवर्धन की सात बार परिक्रमा की जाती है। गोवर्धन पूजा कृषकों, पशुपालकों का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। महिलायें गोबर इकट्ठा कर विभिन्न आकृतियां बनाने के कार्य में जुटी हुई हैं।

बिजनौर स्योहारा शादी से पहले नकदी जेवर लेकर युवती हुई घर से फरार।

रिपोर्ट असमीन सलमानी
स्योहारा। घर में बच्चा पैदा होते ही मां बाप उस बच्चे को पालते है। बड़ा करते हैं और तमाम अरमान लेकर उस बच्चे की शादी को तय करके उस खास दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन मां बाप के प्यार और बलिदान को ठुकरा कर वही स्वार्थी ओलाद किसी गैर के बहकावे में आकर फुर हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर से सामने आया है । जहां एक लाचार बाप ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का रिश्ता तय कर दिया था जिसकी शादी 18 नवंबर को ही होनी थी जिसकी तैयारी जोरो पर थी लेकिन इसी बीच गत 30 अक्टूबर को उसकी बेटी को विशाल पुत्र राम लाल निवासी शम शान घाट नदी किनारे बाल्मिकी बस्ती श्री नगर पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड बहला फुसला कर ले गया है साथ में उनकी बेटी नकदी और घर में रखे जेवर भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।

बिजनौर के स्योहारा में धूमधाम से मनाई गई दीपावली

रिपोर्ट रोहित कुमार
स्योहारा। नगर तथा आसपास के क्षेत्र में प्रकाश का पर्व दीपावली का त्योहार हर्ष उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर लोगों ने जमकर पटाखे और आतिशबाजी की लोगों ने अपने घरों को फूलों और बिजली की लाइटों से जगमग किया पूरे दिन मिष्ठान और उपहार वितरण का कार्यक्रम जारी रहा शाम के समय हिंदू समुदाय के लोगों के द्वारा विधि विधान के साथ श्री गणेश महालक्ष्मी सरस्वती विष्णु आदि देवताओं की पूजा अर्चना की गई पकवान बनाए गए भगवान को भोग लगाया गया और उनका तिलक किया गया इसके बाद रात के 12 बजे तक आतिशबाजी और पटाखों का जोर जारी रहा लोगों ने अपने मकान और स्थान पर बिजली और फूलों की झंकार सजावट की पटाखे छोड़े दीपावली के मौके पर बाजारों में भारी भीड़ जमा रही मिष्ठान के अलावा गिफ्ट आइटम का वितरण जोर शोरों से रहा है इसके अलावा स्थानीय रामलीला मैदान में लगे आतिशबाजी बाजार में भी भारी रौनक रही।

बिजनौर के किरतपुर में लकड़ी माफियाओं द्वारा काटे जा रहे हरे भरे फलदार पेड़

रिपोर्ट मुकेश सिंह
किरतपुर। लकड़ी माफियाओं द्वारा हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि फलदार पेड़ काटने की इजाजत नहीं दी जाती है। सरकार भले ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के लिया कितना भी प्रचार कर ले, लेकिन – लकड़ी माफिया हरे फलदार पेड़ काटकर जहां पर्यावरण असंतुलन को बढ़ावा दे रहे है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम छितावर के पास लगभग 20 बीघे के हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे है। कोतवाल जयभगवान सिंह यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा 42 हरे पेड़ काटे जाने की अनुमति दी गई है। जिला उद्यान अधिकारी बिजनौर आर एन वर्मा ने बताया कि फलदार पेड़ काटे जाने की अनुमति नहीं दिए जाने का प्रावधान है। वन संरक्षण अधिकारी मुरादाबाद रमेश चंद्र ने बताया कि वह डीएफओ बिजनौर को निर्देशित कर रहे हैं कि वह जांच कर कार्यवाही करे।

यूपी उपचुनाव : मीरापुर सीट पर टिकीं सभी की निगाहें मुस्लिम वोटरों पर सबकी नजर

लोकतंत्र की आवाज

मुस्लिम समाज चुनाव के आखिरी समय में एकजुट होकर एक तरफा अपना मतदान करता है

रिपोर्ट रोहित कुमार
मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद की मीरापुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में मुस्लिम समाज पर सभी की नजरें टिकी हैं। क्योंकि 2013 दंगे के बाद से देखने को मिला है कि मुस्लिम समाज चुनाव के आखिरी समय में एकजुट होकर एक तरफा अपना मतदान करता है। ऐसे में चाहे विधानसभा चुनाव रहे हों या लोकसभा चुनाव और फिर उपचुनाव। इन सभी चुनावों में मुस्लिम समाज का एक तरफा समाजवादी पार्टी की तरफ ही रुख देखने को मिला है। दरअसल, मीरापुर विधानसभा सीट पर तकरीबन 3 लाख 25 हज़ार के करीब मतदाता हैं, जिसमें से लगभग 1 लाख 30 हज़ार मुस्लिम वोटर हैं। इस चुनाव में एनडीए से लोकदल प्रत्याशी मिथलेश पाल को छोड़कर सभी पार्टियों ने मुस्लिम प्रत्याशी अपने मैदान में उतरे हैं। उसमें चाहे आजाद समाज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, एआईएमआईएम हो या फिर मुस्लिम समाज का रहनुमा मानी जाने वाली समाजवादी पार्टी ही क्यों ना हो। जानकारों की मानें तो जब तक चुनाव नजदीक नहीं आता, तब तक मुस्लिम समाज बिखरा हुआ दिखाई देगा, जिसमें कोई आजाद समाज पार्टी की तरफ दिखेगा तो कोई बहुजन समाज पार्टी की तरफ नजर आएगा। लेकिन जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आता जाएगा वैसे–वैसे मुस्लिम समाज एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की तरफ खड़ा दिखाई देगा। राजनीतिक विशेषज्ञ कहते हैं कि यह ध्रुवीकरण का चुनाव है, जिसके चलते आखिरी में यह चुनाव हिंदू मुस्लिम देखने को मिलेगा और इस चुनाव में फाइट भी सिर्फ और सिर्फ लोकदल की प्रत्याशी मिथलेश पाल और समाजवादी पार्टी की सुम्बुल राणा में ही देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि मीरापुर के उपचुनाव में इस बार राष्ट्रीय लोकदल की साख भी दाव पर लगी है क्योंकि 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन था इसलिए इस सीट से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान ने आसानी से जीत हासिल कर ली थी लेकिन इस बार राष्ट्रीय लोक दल एनडीए का हिस्सा है तो यह देखने वाली बात होगी कि क्या यहां का मुस्लिम समाज राष्ट्रीय लोक दल पर भरोसा करता है या फिर अपनी रहनुमा पार्टी समाजवादी पार्टी की तरफ ही अपना रुख करेगा।

तलवार के साथ फोटो पोस्ट करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया। पकड़ी पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म(इंस्टाग्राम) पर तलवार के साथ फोटो पोस्ट करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक बलिया विक्रांत वीर के कुशल निर्देशन में अपराध के रोकथाम एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी)अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में स्थानीय पुलिस को यह सफलता मिली है। रविवार को थाना पकड़ी पुलिस की टीम उपनिरीक्षक सभाजीत यादव मय हमराह के देखभाल क्षेत्र,जांच प्रार्थनापत्र में मामूर थे।उसी दौरान पूर्व में सोशल मीडिया इंस्टाग्राम की आई डी पर तलवार के साथ फोटो पोस्ट करने वाले युवक अजय पासवान पुत्र मुरली पासवान निवासी पिपरा पट्टी(बहोरापुर) थाना स्थानीय को पिपरा पट्टी नहर पुलिया के पास से अन्तर्गत धारा 170 भा.ना.सु.सं. 2023 में समय करीब 12.30 बजे हिरासत में ले कर पुलिस अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय कर दिया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक के अतिरिक्त होमगार्ड मुन्ना यादव भी शामिल थे।

बलिया:युवक पर जान लेवा हमला

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
बलिया। उभांव थाना क्षेत्र के अतरौल चक मिलकान गांव में शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे देवी लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन करने जाते समय ग्राम प्रधान सुमेर सिंह के भतीजे संदीप सिंह पर गांव के ही एक युवक द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने से लहूलुहान हो गया। आनन फानन में सीएचसी सीयर ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने स्थिति नाजुक देख रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सभा अतरौल चक मिलकान में गांव में रखी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन डीजे के साथ जा रहा था इसी दौरान गांव का ही ओसीयार राजभर पुत्र मन्नू ने किसी बात को लेकर संदीप सिंह 23 वर्ष पुत्र सुनील सिंह पर धारदार हथियार से गर्दन पर हमला कर मौके से फरार हो गया। जिससे संदीप सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में सीएचसी सीयर पहुँचाया गया जहाँ डॉक्टर ने संदीप की स्थिति नाजुक देख रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही उभांव इंस्पेक्टर विपिन सिंह व नगरा थानाध्यक्ष तथा सीओ रसड़ा मोहम्मद फहीम मौके पर पहुँच गए और घटना की जानकारी ली इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है

बिजनौर पुलिस के द्वारा अलग–अलग थानों से आठ वांछितों को किया गिरफ्तार बिजनौर, जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धराओं में वांछित आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

लोकतंत्र की आवाज़

थाना कोतवाली शहर से चोरी के आरोप में सुबोध व इश्तकार को, थाना कोतवाली देहात से एक व्यक्ति को घायल करने के आरोपी दीपक सैनी को एवं नूरपुर में कबूतर उडाने के लेकर हुए झगडे के पांच आरोपियों विजेन्द्र उर्फ छोटू, अंकित, नौशाद अली, सछ्दाम उर्फ शादाब व राजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस से जारी प्रेस नोट के अनुसार, गत 18 अक्टूबर को जीत कुमार पुत्र मूला निवासी ग्राम फरीदपुर भोगी उर्फ धनुवाला थाना कोतवाली शहर में तहरीर दी थी कि उसके घर से सोने की चैन, कानों के कुण्डल, तीन मोबाइल व नगदी किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिये गये, पुलिस की विवेचानात्मक कार्यवाही के दौरान सुबोध निवासी ग्राम मारकपुर थाना हीमपुर दीपा, इश्तेकार निवासी मौ. पठानपुरा थाना नजीबाबाद, नीटू निवासी ग्राम बाखरपुर गढ़ी व दीपू निवासी ग्राम हमीदपुर प्रकाश में आये। पुलिस ने सुबोध व इश्तेकार को तीन मोबाईल फोन, एक ईयर फोन, एक मोबाईल चार्जर व एक बैग सहित गिरफ्तार कर लिया बाकी की तलाश जारी है तथा थाना कोतवाली पुलिस में गत दिवस शिवम कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम नन्दपुर ने तहरीर दी थी कि एक नवम्बर को उसका भाई शिवकुमार (21 वर्ष) अपने घर से कुछ सामान लेने के लिए दुकान पर गया था, तो वहीं पास में ही उसके गांव का दीपक लोहे की पाइप मे पटाखा सामग्री डालकर जला रहा था कि पटाक्षा चलाने पर नाल से निकली बजरी उसके भाई के सीने व ठोडी में घुसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने वांछित दीपक सैनी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, नूरपुर थाने में एक नवम्बर को उ.नि. देवी प्रसाद गौतम द्वारा तहरीर दी गयी कि ग्राम अस्करीपुर में दो पक्षो के नौ लोगों में कबूतर उडाने को लेकर झगडा हो गया तथा लाठी डण्डो व धारदार हथियारों से जान से मारने की नियत से एक दूसरे पर वार और मारपीट की जिसमें दोनों पक्षो के कुछ लोग घायल हो गये। पुलिस ने इस मामले में विजेन्द्र उर्फ छोटू, अंकित, नौशाद अली, सद्दाम उर्फ शादाब व राजा निवासीगण ग्राम अस्करीपुर को गिरफ्तार किया।

मुरादाबाद:भाई बहन का पर्व भईया दूज धूमधाम से मनाया भाइयों को तिलक कर बहनों ने की दीर्घायु की कामना

लोकतंत्र की आवाज़

संवाददाता सईद कुरैशी
ठाकुरद्वारा। रविवार को भईया दूज का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया बहनों ने भाइयों को तिलक कर उन्हें मिठाई खिलाई और गोला उपहार में दिया व भाइयों की दीर्घायु की कामना की तो वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार और दक्षिणा दी मिठाइयों की दुकानों पर जमकर भीड़ उमड़ी रही बहनों ने मिठाइयों की खरीदारी की वहीं बस अड्डों पर भी काफी भारी भीड़ देखने को मिली नगर में मिठाई और गोले की खरीदारी के लिए दुकानों पर ग्राहकों की लाइन लगी रही मिठाइयों की दुकान पर मिष्ठान की खरीदारी के लिए सुबह से लेकर शाम तक भारी भीड़ लगी रही तो वहीं गोले की भी खरीदारी के लिए बाजार में दुकानों पर भारी भीड़ रही नगर के व्यापारीयों ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार गोले के दाम बढ़े है भाईया दूज पर सफर के लिए खचाखच भरीं निजी बसें रोडवेज बस स्टॉपेज ना होने से हुई परेशानी भाई दूज पर सरकार द्वारा रोडवेज बसों में बहनों के लिए सफर फ्रि में भी किया है नगर में बसों का ठहराव स्थल न होने के कारण बस न रुकने से लागों को परेशानी का सामना करना पड़ा जिस कारण निजी बसें खचाखच भरी रही।

गोवर्धन पूजा पर कान्हा गोशाला पहुंचे लोकेंद्र चौधरी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
झालू शनिवार की शाम को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर नगर चायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने कान्हा शाला पहुंच कर गायों की पूजा की। इस दौरान लोकेंद्र चौधरी ने पूजा और हवन करने के उपरांत गोशाला में मौजूद गाय को बड़ और केला भी खिलाया। उन्होंने गोवंश को देश की पहचान बताया। गायों की पूजा नगर के पंडित शिवेश शर्मा ने करायी उसके बाद लोकेंद्र चौधरी ने कहा, हमारी संस्कृति इत्सव प्रधान है। हर त्योहार हमें जीवन के हस्यों से परिचित कराता है। हमारे देश की हचान गोवंश से है। हमारे सभी ऋषियों ने मेशा गोपूजा पर जोर दिया है। योगी सरकार नरकार गोवंश के संरक्षण के लिए बहुत ही भच्छा काम कर रही है। गाय संसार की जाता है। प्रदेश की भाजपा सरकार गोवंश के संरक्षण के लिए कार्य कर रही। कहा कि गाय को समृद्धि और धन का प्रतीक माना जाता । उसकी पूजा करने से घर में धन की वर्षा और सुख–समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। गाय की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। यह मान्यता है कि गाय की पूजा से संतान का स्वास्थ्य और समृद्धि बढ़ती है। गाय का महत्व सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय भी है। गाय के गोबर का उपयोग जैविक खाद के रूप में होता है, जिससे कृषि में उर्वरता बनी रहती है। उसकी पूजा से प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। गोवर्धन पूजा में गाय की पूजा से भक्ति और श्रद्धा का भाव प्रकट होता है। यह सामाजिक एकता और सहानुभूति को बढ़ावा देती है। गाय की पूजा करने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक लाभ मिलता है। यह मन को संतुलित रखता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, सभासद सौरभ गुप्ता, पूर्वसभासद कर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल शर्मा घनश्याम सिंह अनुराग जोशी आदि मौजूद रहे।

बिजनौर के क्षेत्र किरतपुर में वन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का किया रेस्क्यू

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
किरतपुर। क्षेत्र के गांव में अजगर सांप दिखाई देने से हड़कंप मच गया जिसके चलते लोगों की काफी भीड़ जमा होने के कारण जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया। वही सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम काफी मशक्कत के बाद अजगर सांप को रेस्क्यू कर पाई। शुक्रवार को क्षेत्र के किरतपुर पडला मार्ग गांव कसौर लव गार्डन बैंकट हॉल के पास योगेंद्र पाल के कुएं के नजदीक करीब 15 फीट लंबा अजगर सांप दिखाई दिया। जैसे जैसे लोगों को जानकारी मिलती रही वैसे ही मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई जिसके चलते मार्ग बंद हो गया और जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय निवासी जोगेंदर चौहान ने वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग दरोगा नीतीश कुमार टीम के साथ पहुंचे और सांप को रेस्क्यू के प्रयास में लग गए। वही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने जाम को खुलवाया। वही वन विभाग की टीम काफी मशक्कत के बाद सांप को रेस्क्यू कर एक कट्टे में बंद करके अपने साथ ले गई तब जाकर मार्ग पर आगमन जारी हुआ रेस्क्यू करवाने मे ग्रामीण अभिषेक चौहान बबलू अशरफ पत्रकार योगेन्द्र पाल आदि रहे।

बिजनौर नजीबाबाद रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा, तीन की मौत, दो मेरठ रेफर

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान
नजीबाबाद। बिजनौर रोड पर शिवलोक कॉलोनी के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ , जिसमें तीन युवकों की जान चली गई और दो की हालत गंभीर है। एक अन्य घायल युवक की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। हादसे के पीछे एक आवारा पशु का अचानक सड़क पर आ जाना बताया जा रहा है, जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात करीब 11 बजे बिजनौर के रहने वाले 6 युवक एक कार में नजीबाबाद बिजनौर रोड पर बिजनौर की ओर जा रहे थे। ये सभी युवक अपनी होंडा ब्रायो कार से शिवलोक कॉलोनी के पास पहुँचे ही थे कि, अचानक एक आवारा सांड उनकी कार के सामने आ गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पेड़ से जा टकराई, जिससे अंदर बैठे सभी युवक घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन घायलों को तुरंत अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान अश्विन, सारांश और अनिरुद्ध की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि प्रद्युमन और प्रतिक्षित की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर किया गया है पार्थ त्यागी की हालत सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस ने मृतकों की पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे की जांच जारी है।

संक्षिप्त खबरें ।

दियारा क्षेत्रों में सभी स्थानों पर किया गया छिड़काव

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती युवा राजद नेता सह समाजसेवी डॉ दीपक कुमार के सौजन्य से दियारा के ग्रामीण इलाकों में पानी घटने के बाद ब्लीचिंग छिड़काव और डेंगू से बचाव के लिए फागिंग कराया गया।। डॉ दीपक ने कहा कि कई इलाकों में बाढ़ के पानी के जाने के बाद सडांध और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है।। बाबुपुर ,बाखरपुर सहित कई इलाकों में जाकर मुआयना कर लोगों की स्थिति को समझा और पूरी टीम के साथ फागिंग करवाया। लोगों ने बताया मच्छर से पूरा गांव परेशान हैं। लोगों का भी इस कार्य में पूरा सहयोग रहा। इस मौके पर छटेश्वर यादव, सुभाष यादव, वर्मा यादव, ज्ञानी पासवान, सुरेश पासवान, अशोक यादव, मो मुनीब, मो गल्फराज, लक्ष्मण यादव, ब्रह्मदेव यादव, अशोक चौधरी, सुबोध मुसहर, राजाराम यादव, शिवजी यादव, सुमन यादव मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त पूजा

लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती में कायस्थ परिवारों ने चित्रगुप्त पूजा का आयोजन धूमधाम से किया। भगवान चित्रगुप्त को मनुष्य के कर्मों का लेखा जोखा रखते है।भगवान ब्रह्मा के चित्र से जन्म होने के कारण इन्हें चित्रगुप्त कहा गया है ।भगवान चित्रगुप्त को देवताओं के लेखपाल और यमराज के सहायक के रूप में पूजन की जाती है ।चित्रगुप्त को न्याय का देवता भी कहा जाता है। जो मानव के कर्मों का सजा और इनाम तय करते हैं ।यह पूजन भाई दूज दिन के दिन मनाया जाता है। पीरपैंती के कायस्थ परिवार डॉक्टर चुनचुन दत्ता , राजेश कुमार दत्ता, रंजन दत्ता, गोलू दत्ता ,विनोद श्रीवास्तव, रमेश लाल, प्रमोद श्रीवास्तव ,निरंजन श्रीवास्तव, ज्ञान मोहनलाल, अमन कुमार सहित तमाम लोगों ने अपने–अपने प्रतिष्ठानों पर चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया।

शराब पीने के आरोप में एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतन्त्र की आवाज़
दिलीपकुमार ठाकुर
समस्तीपुर। हथौड़ी थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव से शराब पीने के आरोप में एक शराबी को हथौड़ी पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार शराबी की पहचान बल्लीपुर गांव निवासी सिया मांझी के 45 वर्षीय पुत्र राजेश मांझी के रूप में की गई है। जानकारी देते हुए हथौड़ी थाने की पुलिस ने बताया कि शराब के नशे में एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का नयका टोला मोड़ पर हुआ भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर/भोजपुर। पटना से तरारी जाने के क्रम में रविवार को जगदीशपुर के नयका टोला मोड़ पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का भव्य स्वागत किया गया। बीजेपी नेता मिथिलेश कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उन्हें फूल माला व गमछा देकर वीर कुंवर सिंह की नगरी में अभिनंदन किया। डिप्टी सीएम ने सबका अभिवादन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का अनुरोध किया। भाजपाईयों ने बताया कि तरारी से भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत के समर्थन में प्रचार व वोट अपील के लिए तरारी जाने के क्रम में डिप्टी सीएम का नयका टोला मोड़ पर स्वागत किया गया। मौके पर विजय सिंह कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, कृष्णनाथ सिंह यादव, श्री भगवान सिंह, शिवलाल सिंह, भीम सिंह, अशोक सिंह, धर्मेन्द्र कुशवाहा आदि भाजपाई मौजूद रहे।

दंगल प्रतियोगिता में यूपी-बिहार के पहलवानों ने दिखाया दमखम

लोकतंत्र की आवाज

वाराणसी, कैमूर, चंदौली से भी पहुंचे थे, देवटोला में लोगों ने लिया खूब आनंद

- 25000 के लिए हुए मुकाबले में मुग़लसराय के दीपक पहलवान व बिहार केसरी सत्येंद्र पहलवान के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा

जगदीशपुर/भोजपुर। गोवर्धन पूजा के मौके पर स्थानीय जगदीशपुर प्रखंड के देवटोला में पहलवानों के बीच दंगल हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश व बिहार के अलग अलग प्रांतों के नामी गिरामी पहलवानों ने हिस्सा लिया। वाराणसी, कैमूर, चंदौली से भी पहुंचे थे, देवटोला में लोगों ने लिया खूब आनंद। दंगल का मुख्य मुकाबला क्रमशः देवटोला के भरत पहलवान व बलिया के अमन पहलवान, कैमूर के दीपक व यूपी चंदौली के मृत्युंजय, रोहतास के करगहर के मोहन पहलवान व बिहिया के रामानंद, सत्येंद्र पहलवान कैमूर व चंदौली के बाघा पहलवान, कैमूर के रियासत टाइगर व मिर्जापुर के अनुज, जम्मू के नागेंद्र पहलवान व आरा के राजेश पहलवान के बीच शानदार मुकाबला हुआ।

पहलवानों के कला कौशल और दांव पेंच देख दर्शक रोमांचित हो उठे। अंतिम व मुख्य मुकाबला ?25000 के लिए मुगलसराय के रेलवे अखाड़ा के प्रख्यात पहलवान दीपक और बिहार केसरी के नाम से प्रख्यात कैमूर जिले के सत्येंद्र पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। निर्धारित समय 06 मिनट के कुश्ती के दांव पेंच के बाद निर्णायक समिति ने दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया। हरेक जोड़ी के पहलवानों पर अलग अलग इनाम की राशि रखी गई थी। विजेताओं को इनाम की राशि व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। दंगल की अध्यक्षता दीनानाथ सिंह और संचालन जीतन गिरी ने किया। प्रख्यात विदेशी पहलवान ने रेफरी की जिम्मेदारी निभाई।

इससे पहले दंगल का शुभारंभ स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया व आरा के पूर्व मेयर रहे सुनील कुमार यादव ने संयुक्त तरीके से किया। मैच में एंकरिंग दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व विधायक भाई दिनेश, पश्चिमी मुखिया उमेश सिंह कुशवाहा, समाजसेवी मुन्ना यादव, वीरेंद्र सम्राट, विश्वकर्मा यादव, घने लाल यादव, अजय यादव, संजय यादव समेत अन्य प्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद थे। वक्ताओं ने पुराने परंपरा व धरोहर को जीवंत रखने के लिए देवटोला के श्री कृष्ण पूजा समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया।आयोजन में राधामोहन सिंह, ओमप्रकाश यादव, जय किशोर यादव, गोपाल यादव, नीतीश यादव, राहुल राज, मुकेश यादव, ब्रिज किशोर, जियालाल सिंह, जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार अनिल कुमार, राधाकिशुन सहित देवटोला के ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

लंबी कूद में सरोज व दौड़ में बरुण व अनिल ने मारी बाजीः दंगल से पहले दौड़ व लंबी कूद प्रतियोगिता हुआ। 1600 मीटर दूरी के दौड़ में दर्जनों प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें वीरपुर गांव के बरुण यादव प्रथम, रामकोषा गांव के अभि कुमार द्वितीय व बिहिया के छोटू कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं लंबी कूद में रूपबांध गांव के सरोज कुमार व हेतमपुर गांव के नीरज कुमार विजयी रहे। 100 मीटर के दौड़ प्रतियोगिता में हरदियां गांव के अनिल कुमार व बिमवां के नीतीश कुमार ने बाजी मारी।

आयोजन समिति ने आगत अतिथियों को माला व गमछा देकर व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। वहीं विजयी सभी मुकाबलों में विजयी प्रतिभागियों के साथ साथ शामिल प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया।

एकचारी में अवैध आग्नेयास्त्र सहित अपराधी गिरफ्तार

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। कहलगांव अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी दो डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता ने रविवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किए। जिसमें उन्होंने बताया कि एकचारी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के मिलने पर एक अपराधी को देशी कट्टा सहित चार जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।एसडीपीओ दो डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार देर रात एकचारी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिला कि एक कुख्यात अपराधी चंद्रिका मंडल, पिता गरीब मंडल, साकिन –छोटी मोहनपुर, थाना एकचारी जिला भागलपुर देशी कट्टा लेकर बड़ी मोहनपुर काली पुजा मेला में घुम रहा है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक मे हैं।

थानाध्यक्ष, एकचारी द्वारा प्राप्त सूचना के संदर्भ में वरीय पदाधिकारी को सूचित दिया गया और वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी हेतु टीम के साथ जैसे ही थानाध्यक्ष, एकचारी ग्राम बड़ी मोहनपुर पहुँचे तो बड़ी मोहनपुर मेला के तरफ से एक व्यक्ति आ रहा था जो पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास किया। परन्तु बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पुछा गया तो अपना नाम चंद्रिका मंडल पिता गरीब मंडल बताया।पकड़ाये चंद्रिका मंडल का तलाशी लिया गया तो उनके दाहिने कमर में लुंगी के अन्दर छुपा कर रखा एक देशी लोडेड कट्टा बरामद हुआ। उनके गला में एक काले रंग का बटुआ टंगा हुआ था जिससे 03 जिन्दा कारतूस, सैमसंग कम्पनी का एक मोबाईल और एक चिलम बरामद हुआ। इस संदर्भ में आर्म्स एक्ट कि धारा के अन्तर्गत एकचारी थाना कांड सं0–52/24 दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही कि जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त चन्द्रिका मंडल का अपराधिक इतिहास पाया गया है। छापामार दल में एकचारी थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार, सिपाही रवि रंजन कुमार, राजेश राम, सावन कुमार सामिल थे।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/भोजपुर। प्रखंड के कौरा पंचायत के मथुरापुर में गोवर्धन पूजा उपलक्ष में यादव समिति के द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने दिखाया दम–खम। दौड़ प्रतियोगिता में सफल हुए प्रतिभागियों ए ग्रुप में प्रथम स्थान सोनू कुमार, द्वितीय स्थान लाली कुमार, तृतीय स्थान रितेश कुमार ने पुष्कृत किया गया।

जबकि बी ग्रुप में प्रथम स्थान सुमित कुमार, द्वितीय स्थान मनीष कुमार, तृतीय स्थान प्रिंस कुमार, और सी ग्रुप में प्रथम स्थान मुकेश कुमार, द्वितीय स्थान सुग्रीम तृतीय स्थान विकास व डी ग्रुप मैं प्रथम स्थान रोशन कुमार, द्वितीय स्थान अभिषेक कुमार, तृतीय स्थान पर शुभम कुमार और लंबी कूद में प्रथम स्थान हरे कुमार, द्वितीय स्थान लव कुमार, तृतीय स्थान शुभम कुमार, हाई जंप में प्रथम स्थान ऋषि कुमार, द्वितीय स्थान लाली कुमार, तृतीय स्थान बंटी कुमार समेत अन्य विजेता उपविजेता आए हुए सफल प्रतिभागियों को मेडल और कैफ व माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन कर्ता जिनर यादव, ऋषिकेश तिवारी, गिरजा यादव, जय राम, हरे राम यादव, धनजी यादव, शैलेंद्र सिंह, रितेश सिंह भूटन यादव, मुन्ना यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मोरवा दक्षिणी पंचायत में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। पटेल क्रांतिकारी विचार मंच के बैनर तले प्रखंड क्षेत्र के मोरवा दक्षिणी पंचायत में रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती समारोह मनाई गई। इससे पूर्व आगंतुक अतिथियों ने सरदार पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। पटेल क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष सह संस्थापक जय कृष्ण राय के अध्यक्षता व देवेंद्र राय के संचालन में जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा जिला के अस्थावां के पूर्व विधायक सह कुर्मी चेतना महारैली के नायक सतीश कुमार कार्यक्रम में उपस्थित हुए

वहीं उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 सी जयंती समारोह के उपलक्ष पर सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए उनके जीवनी के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तृत रूप से बताया। समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर के पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार उपस्थित हुए। पटेल क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष सह संस्थापक जय कृष्ण राय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। पटेल जी ने भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्वपूर्ण अपना योगदान दियाथा। पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के नडियाद गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। वे एक सफल वकील थे।

महात्मा गांधी के शुरुआती राजनीतिक सहयोगियों में से एक थे, उन्होंने गुजरात के खेड़ा , बोरसाद और बारडोली के किसानों को ब्रिटिश राज के खिलाफ अहिंसक सविनय अवज्ञा में संगठित किया, और गुजरात प्रभावशाली नेता बन गए। मंच पर उपस्थित संजय पटेल, डॉ. जवाहर राय, रामस्वरूप राय, भिखारी प्रसाद सिंह, देवेंद्र राय, सोनेलाल राय, बैजू राय, विश्वबंधु राय, महेंद्र पटेल, राजेश कुमार, उपेंद्र राय, हरिप्रसाद राय, राम नंदन राय, शिवानंद राय , अरविंद राय, सज्जन राय आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपना– अपना विचार रखा। कायक्रम के अंत में कुर्मी समाज के उपस्थित लोगों ने कहा की सरदार पटेल के सपने को सरकार करना है। मौके पर देवकांत पटेल, दयानंद राय, मुकेश कुमार जगदेव राय, रामकुमार राय, सुजीत पटेल, अशोक राय, अमित कुमार, सज्जन कुमार, विपिन सिंह, मोहनलाल सदानंद झा, रामबाबू पंडित, लालबाबू कुशवाहा, धनिक लाल राम, हरि रजक शेखर राय, अनिल सिंह सहित सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

एसपी ने कोपा थानाध्यक्ष को किया लाइन हाजिर, कुन्दन कुमार को अमनौर व पिंटू कुमार को कोपा थाने की मिली कमान

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। हाल ही में कोपा थाना क्षेत्र के बसडिला गांव में हुई एक डकैती की घटना सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रशासनिक विफलता के मद्देनजर, पुलिस उप–महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र, छपरा से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर थानाध्यक्ष कोपा, पुअनि लालबाबू प्रसाद को लाइन हाजिर किया गया है। उनकी जगह पुअनि पिंटू कुमार को थानाध्यक्ष कोपा के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं अमनौर थाना में थानाध्यक्ष के पद के रिक्त होने के कारण पुअनि कुंदन कुमार को थानाध्यक्ष अमनौर के पद पर तैनात किया गया है।साथ ही, पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बसडीला गांव में हुई डकैती कांड की वस्तुओं की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जिसका नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एकमा राजकुमार करेंगे।

झंडापुर बाजार में दुकान में चोरों ने किया चोरी करने का असफल प्रयास

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में शनिवार की देर रात झंडापुर बाजार में चोर ने चोरी करने का प्रयास किया।उस समय बंद दुकान के बाहर सांस्कृतिक कार्यकम चल रहा था।जिसका लगभग सैकड़ों लोग व पुलिस बल भी मजा ले रहे थे।सीसीटीवी फुटेज दिख रहे चोर ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ है।गनीमत रही कि चोर चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाया।दुकानदार महेश साह ने इसको लेकर रविवार की सुबह थाना में आवेदन भी दिया है।

पुलिस मामले में छानबीन कर रही है?।बिचली काली मंदिर के पूरब स्थित भगवती साड़ी सेंटर जो झंडापुर थाना से भी महज कुछ ही दूरी पर है। लगभग दो बजे एक चोर दुकान के पीछे शटर व ग्रिल काटकर दुकान के अंदर घुसा।और दुकान अंदर चोरी करने के प्रयास किया ही था कि दुकान के उपर मंजिल पर सोए दुकान मालिक को कुछ आभास हुआ तो वो नीचे उतरने लगे।इधर चोर ने किसी के आने की आवाज को सुनकर तेजी से दुकान से निकल गया।अनुमान लगाया जा रहा कि चोर बाहरी नहीं बल्कि स्थानीय ही है। जब दुकानदार ने सीसीटीवी देखा तो तुरंत रात में ही झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार को घटना के बारे में जानकारी मिला है।पुलिस पहुंची और घटना की जांच कर रही है।

बिचली मां काली की विसर्जन शोभा यात्रा में उमड़ा सैलाब, थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन सक्रिय

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में रविवार को औलियाबाद बिचली काली स्थान की काली महारानी की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ गया था। औलियाबाद से जमालपुर विसर्जन घाट तक मां काली के जयकारों से पूरा इलाका गूंजता रहा।

प्रतिमा विसर्जन यात्रा के पूर्व मां काली महारानी को महिलाओं ने खोइछा दे विदाई गीत गाकर विदाई दी। विसर्जन के दौरान इंस्पेक्टर आलोक कुमार व झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार की अगुवाई में पुलिस प्रशासन की चौकस व्यवस्था थी।प्रतिमा विसर्जन में राजद नेता अवनीश कुमार, जिला अध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान, जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव, छंगूरी सिंह, चित्तरंजन कुमार रंजन, शिवनंदन सिंह, महेश साह, दारोगा सिंह, अमित कुमार सुमन, रमेश कुमार सिंह, जयजय सिंह समेत इलाके के बड़ी संख्या में ग्रामीणों युवाओं की सक्रिय भागेदारी थी।

स्कूटी शोरूम का बिहार सरकार के मंत्री ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। जिले के सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत समस्तीपुर पटोरी मुख्य मार्ग पर, मुसरीघरारी थाना भवन से 2 सौ मीटर पहले स्थित स्मृति इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक के शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन, शुक्रवार को सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के विधायक, सह बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किया। इस दौरान मंत्री श्री चौधरी ने शोरूम के मालिक से इलेक्ट्रीक स्कूटी बाईक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी भी लिया।

इस दौरान शोरूम के संचालक नसीब लाल झा ने बताया कि, आज से पहले किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक खरीदने के लिए लोगों समस्तीपुर जिला मुख्यालय, बेगुसराय तथा मुजफ्फरपुर जिला का रूख करना पड़ता था, लेकिन मुसरीघरारी में इस शोरूम के खुल जाने से आसपास के लोगों को काफी सहुलित होंगी। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि, इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक की कीमत 55 हजार से शुरू होकर 1 लाख रुपए तक है। इसकी चार्जिंग समय मात्र 3 से 6 घंटे की है। जिसे एक बार चार्ज कर लेने के बाद यह लगातार में 60 से 70 किलोमीटर की दुरी तय करेगी। इस इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक को खरीदने में ग्राहकों को कोई परेशानी ना हो, इसलिए फाईनेंस की सुविधा भी बहूत जल्द उपलब्ध करा दी जाएगी। जिसके बाद ग्राहक कम से कम 10 हजार रुपए की एक छोटी सी राशि जमा करके, शेष राशि किस्तों में देकर इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक खरीद सकते हैं। वहीं मौके पर मौजूद बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि, इस इलेक्ट्रिक स्कूटी बाईक शोरूम के मुसरीघरारी में खुलने से स्थानीय लोगों को काफी आसानी होगी, तथा पेट्रोल की बचत के साथ–साथ प्रदूषण भी कम होगा। मौके पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें ।

मोतिहारीः एक देशी चुलाई शराब कारोबारी गिरफ्तार

पूर्वी चम्पारणः केसरिया थाना क्षेत्र के सागर चूरामन में देशी शराब के साथ एक कारोबारी और एक मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने पकड़ा है। कारोबारी भोपतपुर थाना क्षेत्र के जगती जमुनिया गांव का बताया जा रहा है। साथ ही पुलिस ने बताया कि शराब तस्करों की खैर नहीं है।

सीसीएस सेंट्रल स्कूल के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम

साहेबगंज थाना क्षेत्र के खौरा चौक के समीप सीसीएस स्कूल के प्रांगण में छठ पूजा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बच्चों द्वारा छठ पूजा पर आधारित संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति ने लोगों को खूब पसंद आया कार्यक्रम के बाद स्कूल प्रिंसिपल और व्यवस्थापक के साथ–साथ उपस्थित लोगों के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर सुरेश कुमार सिंह ,असिस्टेंट डायरेक्टर सुभाष कुमार सिंह ,मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेन्द्र कुमार ,के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया उक्त अवसर पर स्कूल के शिक्षक अजय सिंह ,संजय राज, नवल सिंह ,अरविंद सिंह, अभिजीत सिंह ,हिमांशु सिंह, अंजली सिंह ,शिवानी कुमारी, सुमन कुमारी ,संध्या कुमारी, प्रिया कुमारी ,मुस्कान कुमारी उपस्थिति रही।

मोतिहारीः थाना की पेट्रोलिंग पार्टी डायल 112 ट्रैफिक ड्यूटी करने वाले पदाधिकारी सिपाही अब सचेत हो जाए

पूर्वी चम्पारणः एसपी ने उनकी निगरानी जनता के हाथों में दे दिया है' बताया गया है कि यह लोग कहीं भी ड्यूटी में लापरवाही बरते दिखे तो आम आदमी सीधे उनके व्हाट्सएप पर मैसेज व फोटो भेज दे। निर्देश में कहा गया है कि पुलिस जवान वह पदाधिकारी से 9 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं ली जाएगी' लिहाजा ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से करनी होगी।ऑन ड्यूटी मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है आपात परिस्थितियों को छोड़कर इसके अलावे ऑन ड्यूटी कान में एयर फोन लगाना बातचीत करने भी प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावे ऑन ड्यूटी गाड़ी में सोए पाए जाने पर कार्रवाई निश्चित होगी। वकायदा पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने इसके लिए जनता से अपील की है कि जागरूक रहते हुए पुलिस वाले उक्त किसी भी वर्जित कार्य को करते दिखे तो उनकी तस्वीर व्हाट्सएप करें एसपी का सरकारी नंबर है'। 94 3182 2988 जिस पर कभी भी सूचना दिया जा सकता है।

रजिस्ट्री कार्यालय में दस्तावेज के नकल में हर माह 10 लाख की उगाही

सरकारी निर्धारित दर पर नही मिलती है दस्तावेज का नकल रजिस्ट्री कार्यालय में बिचौलियों का दबदबा बेतिया। दस्तावेज के नकल के नाम पर रजिस्ट्री कार्यालय में हर माह लाखों की उगाही की जा रही है। बेतिया अवर रजिस्ट्री कार्यालय में बिचौलियों की चांदी कट रही है। बिचौलियों का दबदबा कायम है। जिनके माध्यम से नकल का आवेदन लेकर अवैध उगाही हो रही है। नियमानुसार प्रति दस्तावेज लगभग 700 रुपया के शुल्क जमा कर दस्तावेज का नकल लिया जा सकता है। मगर प्रति दस्तावेज एक से दो हजार तक अवैध उगाही हो रही है। प्रत्येक दिन लगभग 20 से 30 आवेदन प्राप्त हो रहे है। इस प्रकार अगर आकड़ा का आकलन किया जाये तो प्रत्येक माह लगभग 700 से 800 आवेदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार नकल के नाम पर प्रति माह लगभग 10 लाख से 12 लाख की अवैध उगाही की जा रही है। जमीन का सर्वे व दाखिल खारिज के नये नियम ने पुराने रैयतदारों का कान खड़ा कर दिया है। जिससे हर कोई अपनी अपनी जमीन को दुरुस्त कराने में जुटे है। पुराने दस्तावेज का नकल के लिए लोग जिला से लेकर अवर रजिस्ट्री कार्यालय का चक्कर काट रहे है। लेकिन बेतिया अवर रजिस्ट्री कार्यालय में रैयतदार दोहन का शिकार हो रहे है। शिकायत पर भी कोई असर नही हो रहा है। रैयतदारों से दस्तावेज के नकल देने के नाम पर अवैध उगाही की जा रही है। मझौलिया प्रखंड के सेमरा निवासी रोजादीन अंसारी ने बताया कि उन्हें 1997 का नकल लेना था। जिसके लिए अवर रजिस्ट्री कार्यालय में बिचौलियों के माध्यम से 22 सौ रुपया ली गयी। वही लौरिया के धोबनी निवासी शंकर मिश्र ने बताया कि दस्तावेज के नाम पर लूट मची है। 1969 का एक दस्तावेज का नकल लेना था जिसके लिए 5 हजार की डिमांड की गयी थी। मगर अंत में 3 हजार पर बात बनी। मजबुरन पैसा देना पड़ा। इस संबंध में अवर निबंधन पदाधिकारी से सम्पर्क किया गया मगर फोन रिसिब नही होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया नही ली जा सकी।

हजारों सनातनियों ने धर्मांतरण के खिलाफ भरा हुंकार ,जय भारत माता की जय सनातन, अब नहीं सहेगा धर्मांतरण जैसे नारों के साथ सनातन बचाओ रैली

विराट जन रैली तो मलकौली चौक सायरी माई स्थान से अनुमंडल मैदान बगहा –2 तक आहुत की गई

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

सनातन बचेगा तो देश बचेगा के तत्वावधान में सनातन संघर्ष समिति के बैनर तले ब् सनातन बचाओ विराट जन रैली तो मलकौली चौक सायरी माई स्थान से अनुमंडल मैदान बगहा –2 तक आहुत की गई । जिसमें हजारों की भीड़ सनातन बचेगा तो देश बचेगा जय श्री राम के नारे के साथ,किसी के हाथ में तिरंगा किसी के हाथ में भगवा तो किसी के हाथ में महावीर झंडा लिए आगे बढ़ रहा। सनातन बचाओ रैली शहर के जिस गलियारे गुजरती ,दर्शक अपनी गाड़ियों को रोककर रैली की का आनंद ही नहीं जय सियाराम का नारा भी लगाते जा रहे थे। रैली अनुमंडल मैदान में पहुंची और सभा में तब्दील हो गई। सनातन बचाओ रैली के संयोजक निप्पू कुमार पाठक ने सनातन से विश्व को उम्मीद है। क्योंकि सनातन सदैव शान्ति का संदेश है।इसलिए सनातनी एकजुट हो। वहीं फलहारी बाबा ने सनातन बटेगा तो देश को नुकसान होगा पर जोर दिए। ललकु पांडे जी ने सभी हिंदुओं को उपजातियां में नहीं बटने की सलाह दिए। इस अवसर पर निशांत कुमार गुप्ता ने भी सभी लोगों से एकजुट होकर धर्मांतरण करने वाले लोगों पर नकेल कसने की बात कहे। मणि भूषण तिवारी ने धर्मांतरण कराने वालों पर कानूनी

शिकंजा कसने की बात कहे। पस्थित संतो को पहले सम्मानित किया गया ।मौके पर मंदिर के कई संत मौजूद रहे। शिव चर्चा करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र यानी ठंड से बचने के लिए साल दिया गया। इस अवसर अमरेश तिवारी, जनार्दन शुक्ल,टुनटुन कुमार गुप्ता, रघुवंश मणि पाठक, पंकज मिश्र अरविंद सिंह प्रिंस पाठक, विशाल पांडेय,अमित कुमार, सुरेन्द्र कुमार शाही ,मुकेश कुमार नंदलाल यादव जैसै तमाम लोग इस रैली की में भाग लिय। अंत में सभी लोगों से अलग–अलग तिरंगा गुब्बारे को छोड़कर सनातन के विरुद्ध षडयंत्र रचने वाले लोगों को चेतावनी का संदेश दिया गया ।

बगहा के दहवा पीएचसी में मरीजों को नही मिला उपचार, अस्पताल में नहीं मिला कोई स्टाफ, वीडियो हुआ वायरल....

लोकतंत्र की आवाज

मधुबनी सूरज यादव

मधुबनी । प्रखंड स्थित दहवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ मरीज और उनके परिजन उपचार व दवाइयों के लिए पीएचसी पहुंचे थे। हालांकि, अस्पताल में न तो कोई डॉक्टर था, न ही पर्ची काउंटर पर कोई कर्मचारी और न ही दवा काउंटर पर कोई मौजूद था। अस्पताल में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने के कारण नाराज़ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।मरीजों और परिजनों का आरोपः वीडियो में कई मरीजों के परिजन अस्पताल की खाली पड़ी व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जाहिर करते नजर आए। उनका कहना है कि उन्हें समय पर दवाएं और उपचार नहीं मिल पाता, जिससे कई बार गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई मरीजों को यहां डॉक्टर और अन्य स्टाफ न मिलने के कारण बिना इलाज के लौटना पड़ा।स्थानीय निवासियों की मांगः स्थानीय निवासियों ने इस मामले में स्वास्थ्य विभाग से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।प्रशासन की प्रतिक्रियाः इस वीडियो के वायरल होने के बाद प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बोले पीएचसी प्रभारी वही इस मामले में पीएचसी प्रभारी डॉ आनंद कुमार ने कहा कि वीडियो मिला है,जॉच की जा रही है।

महिलाओं ने भाई की सलामती के साथ लंबी उम्र के लिए की गोवर्धन पूजा।

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। में महिलाओं ने भाई के सलामती के साथ भाई के लंबी उम्र के लिए गाय के गोबर से बने गोबर्धन की।पूजा अर्चना किया .रविवार की अहले सुबह से महिलाएं उपवास रख पूरे विधि विधान के साथ गोवर्धन की पूजा किया.जिसको लेकर शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा अर्चना को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह दिखा. गौरतलब हो कि पौराणिक काल से आ रही परंपरा को साकार करते हुए बड़ी संख्या में महिलाओं ने गोबर से बने गोवर्धन की पूजा की और पुरानी परंपरा के मुताबिक गोवर्धन की पूजा अर्चना कर भाई की लंबी उम्र के साथ उनके स्वस्थ रहने की आशीर्वाद मांगी. बता दे कि गोवर्धन पूजा के बाद शादी विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं .इस बाबत नगर के बगहा बाजार स्थित वार्ड नंबर 23 बुधवारी मुंहल्ला में सुहागन महिलाओं ने स्थानीय वार्ड पार्षद मीरा देवी के नेतृत्व में पूरी आस्था के साथ गोवर्धन की पूजा अर्चना की। इस दौरान पार्षद मीरा देवी ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने गोकुलवासियों को भगवान इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए पूरे गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया था .श्रीकृष्ण की दिव्य शक्तियों को पहचानकर इंद्र देव शांत हो गए और उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, जिसके लिए उन्होंने क्षमा मांगी और बारिश बंद कर तभी से गोवर्धन पूजा की शुरुआत हुई

गोड़ियापट्टी छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व को लेकर छठ पूजा समिति द्वारा की गई साफ – सफाई

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

यह छठ घाट पहला सौ साल पुराना घाट है जहां से नगर में छठ घाट लगने की शुरुआत हुई : पूजा समिति सदस्य संदीप चौधरी बगहा : नगर के गोड़ियापट्टी का छठ घाट 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है। इस लोक आस्था के महापर्व को लेकर छठ पूजा समिति द्वारा साफ – सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। घाट को भव्य आकर्षक लुक देने की कोशिश में पूजा समितियां लग गई है। जप व स्थानीय प्रशासन भी व्रतियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए सतत चौकसी बरत रहा है। छठ घाट को समतल बनाने से लेकर छठ व्रतियों के अर्घ्य देने प्रकाश की व्यवस्था सहित अन्य कार्य शुरू हो चुकी हैं। पूजा समिति में संदीप चौधरी ने बताया यह छठ घाट पहला सौ साल पुराना घाट है जहां से नगर में छठ घाट लगने की शुरुआत हुई आज

भले ही नगर में दर्जनों घाट लग रहे हैं लेकिन आज भी इस घाट का वही महत्व है जो सौ साल पहले था। यहां पर छठ व्रतियों की भारी भीड़ लगती है उन्होंने बताया कि पूजा समिति के सदस्यों के साथ समस्त जनता का छठ घाट निर्माण में सहयोग किया जा रहा है। इस छठ घाट पर जमीन को कुदाल से समतल कर व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए तथा बैठने की जगह बनाई जा रही है। नदी में जगह नहीं होने के कारण नदी किनारे जमीन को समतल कर एक लंबा चौड़ा जगह बनाई जा रही है। जिसमें पानी भरा जाएगा नदी में नाव व गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। लाइटिंग तथा व्रतियों के कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था रहेगी। वही मौके पर संदीप चौधरी, राहुल सिंह, भुषण चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अगले पंचायत चुनाव में बदल जाएगा गांव का राजनीतिक परिदृश्य

लोकतंत्र की आवाज

मधुबनी सूरज यादव

पटनो बिहार में आगामी पंचायत चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य पुरी तरह बदल जाएगा 2026 के पंचायत आम चुनाव में सीट के आरक्षण में बदलाव के कारण राजनीति जीत हर का गणित भी बदल जायेगा पंचायत चुनाव से संबंधित कानुन के अनुसार प्रत्येक दो क्रमिकनिर्वाचन के बाद आरक्षण प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है राज्य सरकार ने 2006 में लागू आरक्षण व्यवस्था को 2011 मे भी जारी रखा था इसके बाद 2016 मे नए सिरे से आरक्षण का प्रावधान किया गया पुनः 2021 मे बदलाव नही किया गया तब संभावना था की नए नगर निकायों के गठन के बाद पंचायत में आरक्षण प्रभावित होगा 300 पंचायत का अस्तित्व समाप्त होने और 200 का पुनर्गठन करने की आवश्यकता जताई जा रही है सभी पदों का आरक्षण

बदलेगा आगामी चुनाव में सभी आठ पदो का आरक्षण बदलेगा इसमें ग्राम पंचायत सदस्य (वार्ड सदस्य) मुखिया, पंचायत समिति सदस्य , पंचायत समिति प्रमुख , जिला परिषद सदस्य , जिला परिषद अध्यक्ष, ग्राम कचहरी के पंच एवं सरपंच की सीटे शामिल है बता दे की आरक्षण में प्रावधान में बदलाव के पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट करना होगा क्योंकि इसके पहले नगर निकायों के आम चुनाव में ट्रिपल टेस्ट किया जा चुका है राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार आगामी पंचायत चुनाव को लेकर पंचायती राज विभाग स्तर पर प्रक्रिया शुरू होगी इस दिशा में 2025 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार व आयोग के स्तर पर कार्यवाही गति तेज होगी पंचायत चुनाव में आरक्षण की वर्तमान स्थिति ग्राम पंचायत मुखिया सीट. कुल. महिला कुल सीट. 8072. 3585 अनारक्षित. 5268. 2483एससी. 1338. 539 एसटी. 91. 20 पिछडा वर्ग. 1375. 543 ग्राम पंचायत सदस्य कुल सीट. 113307. 51191 अनारक्षित. 74495. 35447 एससी. 18916. 7409 एसटी. 1215. 307 पिछडा वर्ग. 18681. 8028 पंचायत समिति सदस्य कुल सीट. 11104 5145 अनारक्षित 7142. 3455 एससी. 1863. 799 एसटी. 130. 33 पिछडा वर्ग 1969. 858 जला परिषद सदस्य कुल सीट 1160. 547 अनारक्षित. 737. 358 एससी. 193. 87 एसटी. 13. 2 पिछडा वर्ग 218. 100 ग्राम कचहरी सरपंच कुल सीट 8072. 3588 अनारक्षित 5268. 2482 एससी. 1342. 542 एसटी. 91. 21पिछडा वर्ग 1371. 543 ग्राम कचहरी पंच कुल सीट 113307. 51160 अनारक्षित 74511. 35424 एससी. 18884. 7367 एसटी. 1239. 314 पिछडा वर्ग 18713. 8055

छठ पूजा समिति के द्वारा दीनदयाल नगर घाट पर छठ पूजा की तैयारी शुरू

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा । पुलिस जिला के बगहा नगर के दीनदयाल नगर छठ घाट की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता। छठ पूजा समिति के सदस्य छठ पूजा घाटों को छठ व्रतियों के लिए बनाने की तैयारी में लग गए हैं। इसी क्रम में नगर परिषद के सबसे महत्वपूर्ण छठ घाट दीनदयाल नगर घाट पर पूजा समिति सदस्यों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सदस्यों द्वारा छठ घाट को समतल करने सहित घाट की साफ सफाई में लग गए हैं। तो वही अर्घ्य देने के लिए नदी घाटों को भी सही करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस विषय पर जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मोबिन अंसारी ने बताया की छठ पूजा समिति सदस्यों सहित स्थानीय लोगो एवं नगर परिषद के द्वारा छठ घाटों की तैयारियों में काफी सहायता की जा रही है। अभी छठ घाट को समतल

करने एवं घाट की साफ सफाई की जा रही है। इसके अलावे छठ व्रतियों को पानी मे अर्घ्य देने में कोई कठिनाई नहीं हो के मद्देनजर घाटों को पानी के भीतर बांस बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग करने, बैरिकेडिंग के पास नाव तथा तैराकों की भी व्यवस्था रहेगी। घाट पर बिजली की पर्याप्त व्यवस्था भी होगी। साथ हीं घाट पर मेडिकल टीम के रहने की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया की प्रशासन के गाईड लाइन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां की जा रही है। घाट पर पार्किंग की इंतजाम किए गए हैं। घाट पर वॉच टावर लगाए गए जाएंगे और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। बिहार की राजधानी पटना के बाद नगर के दीनदयाल नगर छठ घाट पर ही उसे तरह की भीड़ देखने को मिलती है। इस अवसर पर उपकोष अध्यक्ष उमेश यादव, सिंटू सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मोबिन अंसारी, अवधेश कुशवाहा, राजकुमार बिन, श्याम बिहारी कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, लालबाबू यादव, समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भगवान चित्रगुप्त पूजा की रही धूम ।

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

बेतिया । श्री चित्रगुप्त मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी है। यह मंदिर हिंदू धर्म में कायस्थ समुदाय के उपास्य देवता भगवान चित्रगुप्त को समर्पित है, जो यमराज के सहायक के रूप में धर्म और पाप–पुण्य का हिसाब रखने वाले देवता माने जाते हैं। भगवान चित्रगुप्त का विशेष पूजन और आराधना कायस्थ समाज में विशेष रूप से की जाती है, और बेतिया में यह मंदिर उन सभी भक्तों के लिए एक प्रमुख धार्मिक स्थल है जो भगवान चित्रगुप्त की आराधना करते हैं । यह मंदिर पारंपरिक भारतीय स्थापत्य शैली में निर्मित है, जिसमें मुख्य गर्भगृह, मंडप, और प्रार्थना स्थल शामिल हैं। श्री चित्रगुप्त मंदिर में साल भर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और उत्सव मनाए जाते हैं, वही हर माह के अंत में मासिक पूजा भी होता है जिनमें सबसे प्रमुख चित्रगुप्त पूजन है, जो दीवाली के अगले दिन मनाया जाता है। कायस्थ समाज के लोग इस दिन भगवान चित्रगुप्त की विशेष पूजा करते हैं और अपने पाप–पुण्य का लेखा–जोखा भगवान को अर्पित करते हैं। मंदिर में बच्चों और युवाओं के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है, जिससे वे अपनी परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहते हैं। बेतिया का यह मंदिर महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल है, जो न केवल भगवान चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उदाहरण भी है। वही चित्रगुप्त पूजा को लेकर जहां शनिवार को दिन चित्रांश परिवार के लोगों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों से शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा गाजियाबाद के साथ निकली जिसे देखकर हर कोई प्रफुल्लित हो रहा था वहीं रविवार के दिन कलम दवात के प्रतीक के भगवान चित्रगुप्त की पूजा बड़े ही धूमधाम से की गई । इस पूजा अर्चना में दीपक शरण, ओम प्रकाशस्थाना, महेंद्र विजय, अनूप श्रीवास्तव, सत्येंद्र शरण, पंचम श्रीवास्तव, कुमारेस श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, आदर्श कुमार उर्फ गोल्डेन, विकास श्रीवास्तव, नवनीत शरण, अमित कुमार श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव, किशन कुमार श्रीवास्तव, विवेक रंजन अप्पू, उदय श्रीवास्तव आदि दर्जनों चित्रांश परिवार के सदस्य मौजूद रहे ।

सूर्यदेव का प्रभावशाली परिवार !रिश्तेदार हनुमान जी से सदैव डरता है –पं–भरत उपाध्याय

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

भगवान सूर्य की दो पत्नियां थीं. जिनमें से पहली पत्नी संज्ञा जो कि विश्वकर्मा की पुत्री थीं, उनसे सूर्यदेव की पहली तीन संतान वैवस्वत मनु, यम और यमुना हैं. धर्मराज या यमराज सूर्य के सबसे बड़े पुत्र हैं. जिन्हें यमराज के नाम से जाना जाता है. उसके बाद यमुना नदी उनकी दूसरी संतान और ज्येष्ठ पुत्री हैं. जो अपने पिता सूर्यदेव के आशीर्वाद से पृथ्वी पर आज भी बह रही हैं. यमुना का वेग सामान्?य है और इसमें नहाने से यम की प्रताड़ना से मुक्ति मिलती हौ वैवस्वत मनु सूर्य और संज्ञा की तीसरी संतान हैं. वैवस्वत मनु ये श्राद्ध देव हैं. ये पितृलोक के अधिपति हैं. इन्होंने ही भूलोक पर सृजन का कार्य किया था।सूर्य का तेज सह न पाने के बाद जब उनकी पत्नी संज्ञा ने अपनी ही रूप–आकृति तथा

वर्णवाली अपनी छाया को सूर्य के पास स्थापित कर अपने पिता के घर तप करने चली गईं, तो उसके बाद सूर्य लंबे समय तक संज्ञा की छाया के साथ रहे। छाया को सवर्णा के नाम से भी जाना जाता है। छाया से सूर्य की चार संतानें थीं। पहली संतान शनिदेव, दूसरी संतान तप्ति थीं। तप्ति का विवाह सोमवंशी राजा संवरणसे हुआ था, जिनसे कुरु वंश के संस्थापक कुरु का जन्म हुआ। छाया और सूर्य की तीसरी संतान विष्टि ने भद्रा नाम से नक्षत्र लोक में प्रवेश किया।शनि (जिन्?हें दंडाधिकारी कहा जाता है), तपती (यमुना के स्?वभाव से विपरीत एक तेज बहाव वाली नदी हैं, जिसमें स्?नान करने पर पितृदोष से मुक्ति और शनि की साढ़ेसाती से मुक्ति मिलती है) तथा विष्टि (भद्रा) नाम की चार संतान हुईं। जब सूर्यदेव को संज्ञा के बारे में पता चला तो वे उनके पास उस स्?थान पर घोड़ा बनकर पहुंचे, जहां संज्ञा अश्विनी यानि घोड़ी के रूप में तप कर रही थीं. उसके बाद सूर्य और संज्ञा के संयोग से जुड़वां अश्विनी कुमारों की उत्पत्ति हुई. ये दोनों देवताओं के वैद्य हैं. इसके बाद सूर्य और संज्ञा के पुनर्मिलन के बाद सबसे छोटी संतान के रूप में रेवंत का जन्?म हुआ था। सुवर्चला सूर्य देव की तपस्वी और तेजस्वी पुत्री थीं ।हनुमान जी और सुवर्चला के विवाह की कहानी पाराशर संहिता में भी मिलती है। तेलंगाना के खम्मम जिले में हनुमान जी और सुवर्चला का एक मंदिर है, यहां ज्येष्ठ शुद्ध दशमी को हनुमान जी के विवाह पर धार्मिक आयोजन होते हैं। हनुमान जी ने 9 विद्याओं का ज्ञान पाने के लिए सूर्य देव को अपना गुरु बनाया था। सूर्य देव ने हनुमान जी को 9 में से पांच विद्याएं दीं ,लेकिन बाकी चार विद्याओं को पाने के लिए हनुमान जी का विवाह जरूरी था। सूर्य देव ने अपने तेज से सुवर्चला को जन्म दिया और हनुमान जी से उनसे शादी करने को कहा !कि सुवर्चला से शादी करने के बाद भी हनुमान जी हमेशा बाल ब्रह्मचारी रहेंगे। क्योंकि सुवर्चला भी शादी के बाद तपस्या में लीन हो जाएंगी। सुवर्चला परम तपस्वी थीं और विवाह के बाद भी तपस्या में लीन हो गईं ,हनुमान जी भी अपनी बाकी चार विद्याओं के ज्ञान को पाने में लग गए।

संक्षिप्त खबरें ।

पुलिस ने चोरी मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने चोरी मामले के आरोपी नूरदीचक ग्रामीण शम्भू सिंह का पुत्र नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि स्थानीय थाना कांड संख्या 473/23 का नीतीश आरोपी था, जिसे गिरफ्तार किया गया। और पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया है।

बिजली चोरी को लेकर विभाग सख्त,तीन पर प्राथमिकी दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):– वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग बिजली चोरी को लेकर सख्त रुख अपना रही है।विभाग बिजली चोरी रोकने के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चला रही है।वारिसलीगंज बिजली विभाग द्वारा की गयी छापेमारी में तीन लोगों को चोरी से बिजली की खपत करते पकड़ा गया। इस बाबत स्थानीय थाने में तीनों के विरुद्ध अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना भी किया गया है। मोहिउद्दीनपुर में की गयी छापेमारी में दो लोगों पर 20043 तथा 8324 रुपये एवं पैंगरी पंचायत के बेलदरिया के चिह्नित बिजली चोरी के आरोपी के विरुद्ध 17704 रुपये का जुर्माना किया गया है।बताया गया कि चोरी से बिजली का उपयोग कर रहा था। तीनों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।बताया गया कि इससे विभाग को राजस्व की क्षति हुई है।तीनों के विरुद्ध जुर्माना करते हुए प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई गई है।

कलमकारों ने की कलम– दावात की पूजा

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा।पकरीबरावां में उत्साह एवं आस्था के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा– अर्चना की गई। कायस्थों ने अपने आराध्य देव की भक्तिभाव से आराधना की। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के साथ ही बिहटा, रेवार, धमौल, जिउरी, गुलनी, भगवानपुर सहित अन्य गांवों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा हुई। प्रखण्ड मुख्यालय के कायस्थ टोला में प्रतिमा बनाकर सौ से ज्यादा वर्षों से पूजा– अर्चना की जा रही है। बताया गया कि यहां माता लक्ष्मी एवं भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा बनाकर काफी उत्साह एवं धूमधाम से पूजा की जाती है। इस अवसर पर अशोक कुमार अम्बष्ठ, श्यामकांत सिन्हा, डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, झूलन प्रसाद, विनय सिन्हा, अवधेश सिन्हा, सतीश सिन्हा, सुनील सिन्हा, मनोज कुमार, कन्हैया, बबलू, डब्लू, राजा, सन्नी, तनमय, रिशु, टिंकू सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, बिहटा गांव के संतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि चित्रगुप्त पूजा को ले जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

सांसद ने अग्नि पीड़ित परिवार को दी सहायता राशि

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर के कटरा प्रखंड के धनौर पंचायत में जियन सहनी,गराती सहनी,रामलखन सहनी, सुभद्रा देवी का आगजनी में घर जलने से हुई क्षति हेतु आपदा सहायता चेक कटरा अंचलाधिकारी के साथ दिया।साथ में जिला पार्षद राजीव कुमार जी,मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा , किसान नेता नीरज नयन ,विमल कुमार, जिला मंत्री भाजपा रामश्रेष्ठ सहनी ,लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विक्रम चौधरी ,गोपाल ठाकुर ,नीरज कुमार, भाजपा नेता लालबाबू सहनी ,मनोज कुमार सहनी , निषाद संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सहनी सहित निषाद संघर्ष मोर्चा के अन्य साथी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवादा :अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि नीलोत्पल मृणाल समेत कई नामचीन कवियों ने किया कविता पाठ

लोक तंत्र की आवाज

नीलोत्पल के गीत रील बनाने बाले लड़के ने युवाओं की खुब बटोरी तालियां

सुनील कुमार

नवादा । अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ द्वारा दीपमाला छठ महोत्सव के मौके पर शनिवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रख्यात कवि नीलोत्पल मृणाल, मोहन मुंतजर,दमदार बनारसी, बिहारी लाल अम्बर, कंचन पाठक, दुर्गेश दुर्लभ, हेमा पाण्डेय, अल्पना आनंद के साथ स्थानीय ओज कवि ओंकार शर्मा कश्यप द्वारा एक से बढ़कर एक कविता पाठ किया गया। संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार आर्यन कि देखरेख तथा मंचीय अध्यक्ष वीणा मिश्रा कि देखरेख में देर रात तक लोग कवियों को सुनते रहे। इस दौरान नीलोत्पल मृणाल ने छठी मैया से बेटी कि मांग 'मनसा के लालसा पुरैया हे... छठी मैया के माध्यम से बेटा– बेटी को एक समान समझने का संदेश दिया। नीलोत्पल के गीत रील बनाने बाले लडके से युवाओं की खुब तालियां बटोरी। उन्होंने बच्चों में संस्कार भरने का संदेश दिया। कविता पाठ कि शुरुआत अल्पना आनंद ने सरस्वती वंदना से किया जिसके पश्चात कवि दमदार बनारसी के संचालन में दुर्गेश दुर्लभ ने अयोध्या धाम और महावीर हनुमान का चित्रण किया। प्रयाग राज से आये बिहारी लाल अंबर ने अपनी हास्य कविताओं के जरिए लोगों को रात भर खूब गुदगुदाया। हेमा पांडेय ने श्रृंगार कि कविता पाठ किया। मोहन मुंतजर ने युवाओं को ओ लैला कविता पाठ से दिल में उतरा। कवियत्री कंचन पाठक के द्वारा देसी बॉय गीत से युवाओं में एक नया जोश मिला। स्थानीय कवि ओंकार कश्यप द्वारा पोरस से सिकंदर कि हार का कविता का लोगों कि खुब वाहवाही मिली। इसके पूर्व कवि सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व विधायक अनिल सिंह, प्रखंड विकास पदधिकारी देवानंद कमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन, वरिष्ठ साहित्यकार वीणा मिश्रा, संरक्षक वाशिफ हसन, उमेश विश्वकर्मा, डॉ. विपिन कुमार, शशिभूषण प्रसाद, डां दीपक कुमार, अध्यक्ष जितेंद्र आर्यन, डॉ शैलेन्द्र कुमार प्रसुन, देवेन्द्र विश्वकर्मा सहित मंचासिन कवियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रंगोली और दीप सज्जा से जगमग हुआ सड़क : महोत्सव में दिल्ली पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी, ज्ञान भारती, डीपीएस फुलवरिया रोड, आवासीय सरस्वती नैशनल स्कूल के बच्चों ने सड़क पर एक से बढ़कर एक रंगोली, दीप सज्जा के साथ एकल नृत्य, फोग डांस, समूह नृत्य से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। मौके पर संस्था के सदस्य रोशन कमार, विवेक कुमार, मिथिलेश कुमार गुप्ता, टुल्लू कुमार, डॉ, भरत भूषण प्रसाद , डांस मनु जी राय, पत्रकार सुनील कुमार सहित हजारों कि संख्या में महिला –पुरुष श्रोता मौजूद रहे।

जच्चा बच्चा की मौत पर भागलपुर डीएम से किया बात :डॉक्टर विपिन यादव

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर,,,, रविवार को राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ विपिन यादव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत मकनपुर में फर्जी अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही। डॉ विपिन यादव ने कहा कि भागलपुर डीएम से दूर भाषा पर बात कर फर्जी अस्पताल की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि आश्वासन दिया गया। इस घटना में जो भी आरोपी हैं। उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डॉ विपिन यादव ने कहा कि फर्जी अस्पताल पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ।जबकि जिले में एमबीबीएस डॉक्टर की कमी नहीं है। फिर भी फर्जी डॉक्टरों का बोलबाला है। डॉ विपिन यादव ने कहा कि आगे किसी प्रकार की घटना ना हो इसलिए फर्जी अस्पताल एवं डॉक्टर पर कानूनी करवाई होनी चाहिए। डॉ यादव ने आरोप लगाया कि गोपालपुर विधानसभा एवं बिहपुर विधानसभा में ऐसे कई फर्जी अस्पताल एवं डॉक्टर गरीबों का खून चूस रहे हैं। इस पर तत्काल सरकार द्वारा ठोस कदम उठाना चाहिए।

गया: अति प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर गोदावरी में अभाकाम के द्वारा पूजा एवं महाआरती का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

गया। शहर के गोदावरी में स्थित अति प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के द्वारा श्री चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया।दोपहर में पूजा जिसमें काफी संख्या में सामूहिक रूप चित्रांश शामिल हुए।उसके बाद देर रात तक शहर के विभिन्न कोने से चित्रांश परिवार के आने तक प्रसाद वितरण किया जाता रहा।वहीं संध्या 6 बजकर 30 मिनट पर महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों चित्रांश शामिल हुए। जिलाध्यक्ष डॉ अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के देख–रेख में इस पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास दफ्तुआर, बिपिन सिन्हा,सुनील कुमार सिन्हा, डॉ.राकेश कुमार सिन्हा 'रवि', बिष्णु सिन्हा,अमित श्रीवास्तव,रमेश सिन्हा,किशन राज,रंजीत कश्यप,राहुल सिन्हा, रौशन सिन्हा,अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं काफी संख्या में चित्रांशों ने अपनी सहभागिता निभाई।

रजौली में धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का त्यौहार बहनों ने पूजा–अर्चना कर की भाइयों के दीर्घायु होने की कामना

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। भाई–बहन के पावन प्रेम का प्रतीक भैयादूज का पर्व रविवार को रजौली में काफी धूमधाम से मनाया गया। रजौली में संगत के पास, महसई में सरकारी कचहरी के पास, उपरटंडा, तकिया मोहल्ला समेत कई जगहों पर बहनों ने अपने भाइयों के दीर्घायु होने की कामना को लेकर गाय के गोबर से यम का द्वार बनाकर पूजा–अर्चना की। पूजा के दौरान बहनों ने भाईयों के लाखों वर्ष जीने व उनके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि के साथ धन–धान्य, वैभव से भरपूर होने की कामना की। भैयादूज भाई– बहन का पावन और पवित्र त्योहार है। इस दिन भाई बहन के घर जाता है और बहन भाई का तिलक करती है। इस दिन का बहुत अधिक महत्व होता है। भा दूज को भैया दूज भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, भाई दूज हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भाई दूज की व्रत कथा का पाठ अवश्य करना चाहिए। जो लोग पाठ नहीं कर सकते हैं उन्हें इस कथा को अवश्य सुनना चाहिए।भैयादूज को लेकर प्रचलित कथा के मुताबिक भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। वह उससे बराबर निवेदन करती कि इष्ट मित्रों सहित उसके घर आकर भोजन करें। लेकिन अपने कार्य में व्यस्त यमराज बात को हमेशा टालते रहते थे। कार्तिक शुक्ला पक्ष का जब दूसरा दिन आया तो यमुना ने उस दिन फिर यमराज को भोजन के लिए निमंत्रण देकर, उसे अपने घर आने के लिए वचनबद्ध कर लिया।यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। लेकिन बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसका पालन करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर यमराज को भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर मांगने का आदेश दिया। यमुना ने कहा कि भद्र! आप प्रति वर्ष इसी दिन मेरे घर आया करो। मेरी तरह जो बहन इस दिन अपने भाई को आदर सत्कार करके टीका करें, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमलोक चले गए। उसी दिन से भैयादूज के पर्व की परम्परा बनी। ऐसी मान्यता है कि जो आतिथ्य स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता। इसीलिए भैयादूज के दिन यमराज तथा यमुना की पूजा–अर्चना की जाती है।

छपरा :पारंपरिक विधि–विधान से महिलाओं व बहनों द्वारा गोधन कुटने के साथ भैयादूज संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

छपरा (रुचि कमल सिंह सेंगर)। नगर पंचायत एकमा बाजार सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की अहले सुबह पारंपरिक लोक गीतों के सामूहिक स्वर में गायन के बीच बहनों व महिलाओं द्वारा गोधन बाबा को पारंपरिक विधि–विधान से कुटने की रस्म अदायगी की गई। एकमा हाईस्कूल के समीप, बाजार, ब्लॉक रोड, राजापुर, आमडाढ़ी, रामपुर, रसूलपुर, नचाप, खानपुर, हरपुर, गौसपुर, भरहोपुर, गंजपर, परसागढ़, बलिया, टेसुआर, भजौना, महमदपुर, नवादा, माधोपुर, विशुनपुरा कला, पचरुखिया, देकुली, चनचौरा आदि ग्रामीण इलाकों में भाईयों को चना की बजड़ी व मिठाई खिलाकर उन्हें बज्र के समान बनने की कामना बहनों द्वारा की गई। इसके साथ ही गोवर्द्धन पूजा व भैयादूज का त्योहार परंपरागत ढंग से संपन्न हो गया। पश्चाताप की सिख देता है यह पर्व : इसके पहले भाई व हित कुटुंब के दीर्घायु के लिए सुबह श्राप कर फिर रेंगनी की कांटे से पश्चाताप की गई। एकमा ब्लॉक रोड की रुचि सिंह ने बताया कि यह पर्व पूरी तरह कृषि और गौ पालन की महता से जुड़ा है। बताया गया कि गृहस्थ जीवन में कभी कभार खीस–क्रोध में अनाप–शनाप भी बोल दिए जाते हैं, तो यह पर्व उसका पश्चाताप करने की सीख देता है।बहने पहले श्राप देती हैं फिर एक खास तरह के रेंगनी की कांटे से जीभ पर रख कर पश्चाताप करती हैं। पर्व के साथ पारम्परिक गीतों ने इस पर्व को जीवंतता प्रदान की है। यही कारण है कि आज से शुरू होने वाला यह पर्व पूरे एक माह तक पीड़िया के नाम से चलेगा।बनायी जाती है भीतिचित्र :गाय के गोबर से बने गोधन बाबा की कुटने की रस्म के बाद इसी गोबर से पीड़िया दिवारों पर लगाईं गई। रोजाना शाम होते ही बहने गीत गायेंगी और भाइयों के दीर्घायु होने की मंगल कामना करेंगी। एक महीने बाद व्रती बहनें उपवास रख कर दिवाल से पिंडी रूप में बनी पीड़िया देवी का विसर्जन करेंगी। उस दिन घर के आंगन में सोरहिया नाम से भीतिचित्र भी बनाई जाती हैं।

गाजे–बाजे के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के बाद रविवार को गाजे–बाजे के साथ रजौली बाजार मुख्यालय में स्थापित मां लक्ष्मी, मां सरस्वती व भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।भांगड़ा व लाउड स्पीकर की धुन पर निकले विसर्जन जुलूस में दर्जनों युवकों ने जमकर डांस किया। राज शिव मंदिर श्री लक्ष्मी पूजा समिति और जय हिंद क्लब श्री लक्ष्मी पूजा समिति उपरटंडा के द्वारा गाजे–बाजे और लाउड स्पीकर की धुन के साथ स्थापित प्रतिमाओं का नम आंखों से विसर्जन किया गया। जय हिंद क्लब श्री लक्ष्मी पूजा समिति उपरटंडा के अध्यक्ष गौतम पांडेय, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, सचिव रिंटू कुमार, महामंत्री प्रीतम कुमार, सदस्य गौरव कुमार, चंद्रदीप कुमार, सजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार के द्वारा विसर्जन जुलूस उपरटंडा से शुरू होकर नीचे बाजार होते हुए जगदीश मार्केट से पुरानी बस स्टैंड से पुनः उपरटंडा पहुंचा। उसके बाद उपरटंडा से हरदिया डैम जाकर पूरे विधि–विधान और मंत्रोच्चार के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। हीं नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर स्थित श्री लक्ष्मी पूजा समिति के मुख्य आयोजक व स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित सिंह, समिति अध्यक्ष राहुल साहू, कमिटी के सचिव उज्जवल कौशिक, सदस्य राकेश गोरा, आदित्य वरनवाल, आर्यन कंधवे, रौनक बडगवे, गौरव आदर्शी, आशीष भदानी, रिशु सेठ, राजा कुमार, सूरज चौधरी के द्वारा विसर्जन जुलूस में दर्जनों युवकों ने जमकर डांस किया। उसके बाद हरदिया डैम में मां लक्ष्मी, मां सरस्वती व भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

गायघाट:दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति ने किया लाभांश वितरण

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

गायघाट । प्रखंड के बाघाखाल दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति द्वारा सप्तम लाभांश वितरण का आयोजन अपने समिति से जुड़े किसानों के बीच लाभांश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर सिंह ने जबकि संचालन अमोल कुमार पथ पर्यवेक्षक पथ संख्या पांच ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत समिति के सचिव वीर रंजन सिंह ने माला और अंगवस्त्र से किया कार्यक्रम में 255 किसानों के बीच साइकल ,डिनर सेट ,स्टील ड्रम ,प्रेशर कुकर ,बाल्टी एवं मिल्क केन का वितरण किया गया ,दातव्या: निधि से 25 गरीबों को कंबल तथा शिक्षा निधि से स्कूली बच्चों को कलम कौपी दिया गया !कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तिमुल के वरीय निदेशक मंडल सदस्य नंद किशोर राय ने कहा की किसानों को उनके दूध का उचित मूल्य सुधा के आने से मिलता है किसानों को समिति से जुड़कर बीमा और अन्य प्रकार का लाभ लेना चाहिए। किसानों का कल्याण सहकार से हीं हो सकता है कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि नंद किशोर राय ,बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति विजयेंद्र प्रसाद सिंह देव्नन्दन साह ,मुकेश कुमार ,दिलीप कुमार ,संतोष कुमार ,श्यामा पंडित , राघवेन्द्र कुमार सिंह रंजीत सिंह ,धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग सहित किसान उपस्थित रहे ।

छठ महापर्व की तैयारी में जुटे श्रद्धालु,बाजारों में उमड़ी भीड़ मगही गीतों से भक्तिमय हो गया

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज प्रखंड व नगर क्षेत्र में दीपावली संपन्न होते ही हिंदुओं का महापर्व छठ की तैयारी में श्रद्धालु लोग जुट गये हैं। अहले सुबह गांव की गलियों की साफ–सफाई करते हुए छठपूजा की गीतों से क्षेत्र गूंजने लगी है। पूजा तैयारी को लेकर लोगों के द्वारा छठ व्रत की खरीदारी, शुद्धतापूर्वक भोजन बनाने के लिए मिट्टी के चूल्हे का निर्माण समेत पूजा से जुड़े कार्य को संपन्न करने में जुट गये हैं। बाजार में बसफोड़ समुदाय के लोग सड़क किनारे हरे बांस का सूप एवं दौरा बनाने का कार्य में जुटे हैं। छठ महापर्व में शामिल महिलाएं सुरक्षित व शुद्ध स्थान देखकर स्नान कर चावल एवं दाल को चुन कर सुखाने के कार्य में जुट गयी है। जानकारी हो कि छठ महापर्व में खरने का प्रसाद शुद्धता पूर्वक बनाये गये मिट्टी का चूल्हा या ईंट का प्रयोग किया जाता है। चूल्हा निर्माण के लिए हर वर्ती अपने घर साफ सुथरे जगह से मिट्टी मंगवाने का कार्य किया जा रहा है। छठ पूजा में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों में घर का पिसा हुआ गेहूं का आटा जिससे पकवान बनाया जाना है, वैसे अनाज को शुद्धता पूर्वक धो सुखाकर व चुन बीन कर घरेलू जाता– चक्की में आटा पीसने का कार्य महिलाएं छठ के मनमोहक गीत गाते हुए शुरू कर दी है। चूल्हा बनाने, अनाज को धोने या सुखाने व चुनने बीनने और पीसने के समय घर की महिलाएं अपार श्रद्धा के साथ छठ मैया की महिमा से जुड़ी मगही गीतों को गाकर अपने कार्यों का निष्पादन करती है। घर–बाजार के हर चौक चौराहों पर छठ की तैयारी व छठ मैया की महिमा से जुड़े गीतों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। वहीं दूसरी ओर वारिसलीगंज नगर परिषद के साम्बे तालाब, माफी तालाब, बलवापर गांव स्थित मटकोरवा सूर्यमंदिर तालाब तथा शान्तिपुरम सूर्य मंदिर तालाब के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में सकरी नदी के विभिन्न घाटों एवं तालाब पोखरों के छठ घाटों की साफ–सफाई का कार्य शुरू करने की तैयारी की जा रही है।वहीं मिट्टी का कार्य करने वाले कुम्हार छठ में प्रयुक्त होने वाला मिट्टी के बर्तनों को पकाने में लगे हुए है, ताकि ससमय छठव्रतियों को मिट्टी का बर्तन उपलब्ध हो सके। छठ पर्व को ले परदेशी परिवार के घर आना शुरूः दूसरे प्रदेश में रहकर नौकरी पेशा व अन्य रोजगार कर कमाई कर रहे लोगों का छठ महापर्व में शामिल होने के लिए घर आने का सिलसिला शुरू हो गया है। खासकर मगध क्षेत्र के लोग जो दूसरे प्रदेश में रह रहे हैं छठ के मौके पर घर जरूर आते हैं।खासकर दिल्ली,मुंबई गुजरात तथा चेन्नई आदि स्थान पर नौकरी या रोजगार कर रहे लोगों के घर आने के कारण बिहार पहुंचने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ रह रही है।छठ के मौके पर घर आने वाले लोग महीनों पहले ट्रेन में टिकट लेते हैं और सरकार द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाती है। परदेशियों के आने से केजी रेलखंड की यात्री गाड़ियों में भारी भीड़ भाड़ देखी जा रही है।

संक्षिप्त खबरें ।

सहरसा विद्युत अभियंता ने छठ घाटों का निरीक्षण कर बिजली समस्या को दुरुस्त किया

लोकतंत्र की आवाज

रंजीत सक्सेना सहरसा संवाददाता। आस्था व विश्वाश का महापर्व छठ घाटों का निरीक्षण विद्युत अधीक्षण अभियंता=संतोष कुमार कार्यपालक विद्युत अभियंता = अमित कुमार सहायक विद्युत अभियंता=प्रियदर्शी कनीय विद्युत अभियंता धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सभी छठ पूजा घाटों का निरीक्षण किया गया और बिजली से संबंधित कार्यों को पूरा किया गया जैसे रेल पोल में प्लास्टिक लगाया गया नंगा तार को कैबलिंग किया गया आदि ।

सहरसा के पस्तपार में बड़ी आपराधिक घटना टली

लोकतंत्र की आवाज

पस्तपार/सहरसा संवाददाता। जिले के पस्तपार थाना पुलिस की तत्परता से थाना क्षेत्र के में होने वाली एक आपराधिक घटना टल गई। थाना अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से सखुआ गांव की ओर निकले हैं। जिनके पास अवैध हथियार है। वे लोग किसी घटना को अंजाम देंगे। जिसके बाद कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी की गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गस्ती के क्रम में सूचना मिली थी कि बाइक सवार हथियारबंद युवक निकल रहे हैं। फिर सखुआ गांव, ब्राह्मण टोली के निकट गश्ती टीम पहुंची। जिसे देख बाइक सवार तेजी से भागने लगा। जिसे घेर कर पकड़ा गया। पकड़ में लिए गए सुधांशु कुमार उर्फ अभिषण के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और सुमित कुमार के पास से दो खोखा बरामद किए गए थे। जिसको लेकर थाना कांड संख्या 37/24 दर्ज की गई थी। जिसमें गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के सखुआ गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र सुधांशु कुमार उर्फ अभिषण और उक्त गांव के ही स्व रामदेव यादव के पुत्र सुमित कुमार थे। छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार और सिपाही थे।

भाई–बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व संपन्न

लोक तंत्र की आवाज

ताराबाड़ी (अररिया)। दीपावली के उपरांत भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व रविवार को उल्लास और पौराणिक रीति–रिवाज के साथ मनाया गया। इस दिन भाई–बहनों का एक–दूसरे के घर जाने का सिलसिला जारी रहा, जिससे सड़कें भीड़भाड़ से व्यस्त रही। मिथिलांचल में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले इस पर्व पर भाई–बहन एक–दूसरे को निमंत्रण देकर आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर उनकी सुख–समृद्धि और लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके साथ ही, दिनभर मोबाइल फोन से सेल्फी और फोटो खींचने का सिलसिला भी जारी रहा, खासकर छोटे भाई–बहनों में उत्साह का माहौल बना रहा। मिठाइयों की दुकानों पर भी काफी भीड़ रही, जहां लोग परंपरानुसार उपहार स्वरूप नए वस्त्र और मिठाइयां एक–दूसरे को भेंट कर रहे थे। भैया दूज पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन भारतीय बहनें अपने भाइयों के लिए ईश्वर से मंगलकामना करती हैं। यह पर्व हिंदू समाज में भाई–बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है और इसे कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

चित्रगुप्त पूजा एवं भातृ द्वितीया पर्व पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने दिया बधाई का संदेश

लोक तंत्र की आवाज

अररिया। कलम–दवात के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा और भाई के प्रति बहनों के स्नेह को दर्शाता "भैया दूज" पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने सभी जिला वासियों को ढेरों शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्री सिंह ने कहा,"भैया दूज को यमदुतिया के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें बहनें यमराज से अपने भाई की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। यह पर्व भाई–बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने इस पर्व की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारे पारिवारिक बंधनों को और मजबूत बनाता है। भाई–बहन एक–दूसरे के सुख–दुख में साथी होते हैं, और इस दिन का महत्व इस रिश्ते को और भी गहरा करता है।सांसद ने सभी से अपील की कि वे इस अवसर पर एक–दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाएं और एकजुटता के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने भगवान चित्रगुप्त जी से प्रार्थना की कि वे सभी की रक्षा करें और समाज में प्रेम एवं भाईचारा बना रहे।

चुनाव आयोग द्वारा नये वोटरों के लिए विशेष अभियान दिवस निर्धारित

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। मुख्य राज्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में 75– सहरसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों नव नियुक्त बीएलओ सहित, बीएलओ पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेक्षागृह में आयोजित की गई।

उक्त बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 75–सहरसा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र– सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर द्वारा सभी उपस्थित बीएलओ को महत्त्वपूर्ण निदेश दिए गए। जिसके अंतर्गत सभी बीएलओ को बताया गया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर कर दिया गया है। इसी क्रम में, 03 नवम्बर रविवार, 23 नवम्बर शनिवार एवं 24 नवम्बर रविवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान दिवस निर्धारित किया गया है। जिसके दौरान सभी संबंधित बीएलओ को अपने निर्धारित मतदान केन्द्र स्थल पर आवश्यक प्रपत्रों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर मतदाताओं से प्रपत्र–6, 7 एवं 8 प्राप्त करेंगे एवं विशेष अभियान दिवस की संध्या को ही संख्यात्मक प्रतिवेदन संबंधित एईआरओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराऐंगे। ताकि उनके स्तर से समेकित प्रतिवेदन अनुमंडल कार्यालय को प्राप्त कराया जा सके। वही जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त कार्य के पर्यवेक्षण एवं निष्पादन हेतु सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित किया गया है। इसके तहत मतदान केन्द्र संख्या 1 से 61 श्री अनुभूति श्रीवास्तव, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बनगाँव, मो0–9430043636 को, मतदान केन्द्र संख्या 62 से 111 श्रीमती कुमारी सपना, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कहरा, मो0–9031071871 को, मतदान केन्द्र संख्या 112 से 177 सौरभ कुमार, अंचलाधिकारी, कहरा, मो0–8544412830 को मतदान केन्द्र संख्या 178 से 245 अनुभूति श्रीवास्तव, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, सहरसा, मो०–9430043636 को, मतदान केन्द्र संख्या 246 से 297 सुश्री नेहा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सौरबाजार, मो0–9031071880 को, मतदान केन्द्र संख्या 298 से 333 सुश्री सोनाली कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सौरबाजार, मो0–8210119678 को एवं मतदान केन्द्र संख्या 334 से 388 विद्याचरण, सीओ, सौरबाजार, मो०–8544412835 को आवंटित किया गया है।सभी बीएलओ अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ–साथ उपरोक्त पदाधिकारियों से किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधे सम्पर्क करेंगे।

उपांकित सभी पदाधिकारी विशेष पुनरीक्षण अवधि में लगातार अपने बीएलओ से सम्पर्क कर निर्वाचक नामावली से संबंधित सभी कार्यों को विधिवत निष्पादित कराऐंगे। सभी बीएलओ विशेष पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त सभी प्रपत्रों को अभिलेखबद्ध करेंगे एवं नियमानुसार निष्पादित करेंगे। उन्हें बताया गया कि 23 नवम्बर को आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा का प्रथम परिभ्रमण सहरसा जिले में निर्धारित है। इसके निमित्त सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं एईआरओ सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लेंगे। सबों को बताया गया कि निर्वाचकों से चार अर्हता तिथि यथा– 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर के आधार पर अग्रिम दावा, आपत्ति भी प्राप्त किए जा सकते हैं।सभी बीएलओ लिंगानुपात, निर्वाचक जनसंख्या अनुपात, विशेष कर 18–19 आयुवर्ग के निर्वाचक के संबंध में के आधार पर लक्षित मानकों में अन्तर की पहचान कर अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। नाम विलोपन की प्रक्रिया अन्तर्गत दोहरी, एकाधिक प्रविष्टियों को हटाने एवं डेमोग्राफिक समान प्रविष्टि फोटो समान प्रविष्टि को हटाने हेतु प्रपत्र–7 के माध्यम से विहित प्रक्रिया का अनुपालन कर नाम विलोपन की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी बीएलओ को निर्वाचक निमावली से गलत विलोपन रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय से भी अवगत कराया गया। सभी बीएलओ नये आयुवर्ग के मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं के नाम को निर्वाचक नामावली में अधिक–से–अधिक प्रविष्ट कराने हेतु प्रपत्र प्राप्त करेंगे।

इसके लिए सभी बीएलओ विशेष अभियान दिवस के अतिरिक्त भी अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर प्रपत्र–6, 7 एवं 8 प्राप्त करेंगे, ताकि मतदाता सूची में आवश्यक रूपांतरण किया जा सके। सभी बीएलओ प्राप्त किये गए सभी प्रपत्रों को दैनिक रूप से अपने बीएलओ एप्प से डिजिटाइज्ज करेंगे एवं फिल्ड वेरीफिकेशन की कार्रवाई करेंगे। बैठक में अवर निर्वाचन पदाधिकारी, सभी एईआरओ, आईटी सुशांत गुंजन, बीएलओ, पर्यवेक्षक, विवेकमनोज, संतोष, मुकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

वीरपुर:पांच वर्ष के बाद भारत और नेपाल दोनों ही देशों के लोग फिर से एक ही कोसी बराज के छठ घाट पर मनाएंगे छठ पर्व

लोकतंत्र की आवाज

दिव्यांशु

वीरपुर सुपौल संवाद सूत्र। वर्ष 2019 मे कोसी नदी के कोसी बराज स्थित छठ घाट पर अंतिम छठ पर्व मनाया गया था जहाँ एक ही छठ घाट पर नेपाल और भारतीय क्षेत्र के लोगों ने छठ पर्व मनाया था. जिसके बाद कोरोना काल होने के चलते वर्ष 2020 और 2021 मे नेपाल सरकार के द्वारा रोक लगा दी गई थी. इसके बाद पिछले तीन वर्षों से कोसी नदी के जलस्तर मे उतार चढ़ाव के बाद कोसी बराज का छठ घाट ही समाप्त हो गया था.

हालांकि इन वर्षों मे लोगों ने कोसी बराज जाने का रास्ता भी भूल गया था और नगर पंचायत व भीमनगर के लोगों ने नगर क्षेत्र मे ही विभिन्न छठ घाटों पर छठ मनाना बेहतर समझा. कोसी बराज के छठ पूजा कमिटी ने भी इस ओर अधिक ध्यान नहीं दिया. इस साल कोसी बराज स्थित छठ पूजा कमिटी ने बराज पर छठ मनाने की अपील की है और लोगों को छठ मनाने के लिए कोसी बराज आने का निमंत्रण दिया है. कोसी बराज छठ कमिटि के गुनेश्वर कर्ण मास्टर साहब और उमेश यादव ने बताया कि कोशी गांव पालिका के अध्यक्ष अयूब अंसारी शेक और वार्ड अध्यक्ष बलराम क्षेत्री के द्वारा इस साल पूरी तैयारी की है. पहले की तरह ही पूजा होगी. मूर्ति भी स्थापित किया जाएगा. प्रकाशिय व्यवस्था रहेगी, सुसज्जित घाटों का निर्माण किया जा रहा है. गहरे पानी के लिए बेरीकेटिंग की व्यवस्था की गई है और स्थानीय गौतखोर भी घाट पर मौजूद रहेंगे.

सहरसा जिला पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान फेज-2 में चोरी गए 6 लाख के 42 मोबाइल को बरामद कर, किया गया वितरण

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। इन दिनों सहरसा पुलिस की कार्यशैली काफी सराहनीय दिख रही है। जहां लगातार जिले के टॉप अपराधियों की गिरफ्तारी हो रही है। वहीं कई इनामी अपराधियों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई है। इतना ही नहीं जिला पुलिस कप्तान हिमांशु के नेतृत्व और निर्देश में इन दिनों घटित घटना के त्वरित उद्भेदन भी लगातार होती दिख रही है। जिनमें कई घटनाएं जहां का 72 घंटे में सफल उद्भेदन कर लिया गया है, तो कुछ घटनाएं 48 घंटे और 24 घंटे में भी उद्भेदित कर दिए गए हैं। यहां तक कि बीते दिनों तो लूट की घटना के दौरान ही गश्ती पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिससे एक कुख्यात 50,000 का इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफल रही है।

शनिवार को फिर जिला पुलिस कुल 42 लोगों को उनकी गुम हुई हजारों रुपए की मोबाइल को ढूंढ कर वापस किया। स्थानीय पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित कर एसपी हिमांशु ने चोरी गए 42 मोबाइल को बरामद कर उनके वास्तविक मलिक को वापस किया था। जिनमें कुछ मोबाइल कुछ दिन पूर्व तो कुछ मोबाइल महीनों पूर्व तो कुछ मोबाइल सालों से गुम हुई थी। जिसे फिर से पाने पर लोगों के चेहरे पर मुस्कान और खुशी दिख रही थी। एसपी हिमांशु ने बताया कि राज्य मुख्यालय के निर्देश पर ऑपरेशन मुस्कान अभियान को जिले में गंभीरता से चलाया गया था। जिसके तहत सभी थाना अध्यक्षों, ओपी अध्यक्षों और पुलिस शिविर प्रभारी को अपने–अपने क्षेत्र में दर्ज हुए मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामले पर अपडेट किया गया। मोबाइल को ट्रेस करने की टास्क दी गई थी। जिसका फलाफल काफी बेहतर रहा था। अब तक कुल 112 मोबाइल बरामद हो चुका है। इससे पूर्व भी ₹ऑपरेशन मुस्कान फेज 1₹ के तहत बीते 16 अगस्त तक चोरी गए 70 मोबाइलों की बरामदगी की थी। जिसकी कुल अनुमानित कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई थी। उन सभी बरामद मोबाइल को उनके वास्तविक मालिक को 16 अगस्त को ही सुपुर्द कर दी गई थी। उन्होंने आगे बताया कि अब 42 मोबाइल बरामद हुए है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख थी। जिसे उनके वास्तविक मालिक को सुपुर्द कर दिया गया था। सहरसा पुलिस लोगों के जीवन में हर संभव सहायता देने और उसके चेहरे पर मुस्कान लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। वहीं उन्होंने लोगों से भी पुलिस को सहयोग देने की अपील की थी। दूसरी तरफ कुछ दिनों, महीनो और सालों से चोरी गए मोबाइल को फिर से प्राप्त कर लोग काफी खुश थे। लोगों ने बताया कि सहरसा एसपी का कार्यकाल काफी अच्छा चल – रहा है। अपराधिक घटनाएं कम हो रही है। अब तो चोरी गए मोबाइल को भी वापस किया जा रहा है। यह पुलिस का दिया उपहार है। दिपावली के अवसर पर सहरसा पुलिस द्वारा चोरी गए मोबाइल को वापस लौटना, काफी सुखद अनुभव दे रहा है।

तीन दिवसीय मेला का फीता काटकर किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। पतरघट :प्रखंड मुख्यालय स्थित देवद्वार काली मंदिर प्रांगण में काली पूजा के मौके पर आयोजित तीन दिवसीय मेला में मेला कमेटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मैया जागरण कार्यक्रम का गुरुवार की रात स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह युवा जदयू के वरिष्ठ नेता अमित कुमार के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार ने आयोजक सहित मेला कमेटी के सदस्यों को साधुवाद देते हुए कहा की देवद्वार काली स्थान मंदिर प्रांगण में काली पूजा के मौके पर प्रत्येक साल की भांति इस बार भी मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम मैया जागरण का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहे है। उन्होंने कहा की नशें की विभिन्न लतों के कारण युवाओं में भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो रहा है। जिसके कारण समाज तथा परिवार में आंतरिक कलह काफी तेजी से बढ़ रहा है। बस आप दृढ़ता से संकल्प लेकर पढ़ाई लिखाई करके परिवार के साथ साथ समाज तथा देश का नाम रौशन करें हथियार तथा नशा का परित्याग कर कलम उठाएं जिससे समाज में बदलाव आ सकें उन्होंने कहा की मेला के सफल आयोजन से समाजिक सद्भाव तथा आपसी सौहार्द्र कायम रहता है। उन्होंने कहा की हम अपने प्राचीन धरोहरों एवं संस्कृति को

- नशें की विभिन्न लतों के कारण युवाओं में भटकाव की स्थिति उत्पन्न हो रहा है

अक्षुण्ण बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है मौके पर मां काली पूजा समिति पतरघट के अध्यक्ष राजदीप महतो, मेला कमेटी सचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष लखन सादा, महंथ संत शिरोमणी दास, मिथलेश रजक युवा समाजसेवी, बिजेंद्र साह, कुंदन महतो सरोज महतो, नितिश महतो, गोरव कुमार, बादल कुमार, अभिषेक कुमार रणजीत महतो, सहित मेला कमेटी के सदस्य व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें। जबकि मेला में शांति व्यवस्था कायम रखनें के लिए थाना अध्यक्ष रौशन कुमार सहित अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

दीपावली पर्व के बाद गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर अनोखा आयोजन गाय और सूअर की लड़ाई

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर में शनिवार के दिन दिवाली के मौके पर गोवर्द्धन पूजा के शुभ अवसर पर। सैकड़ों साल पुराना रस्म आज भी कायम है। एक सुअर के बच्चे और गाय के बीच लड़ाई कराते हुए लट्ठमार दिवाली खेली जाती है। इस अजीबोगरीब रस्म को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटती है।

आज भी गाय से सुअर को लड़ाने की परंपरा कायम है। सुअर को गाय के पैरों तले फेंककर दिवाली खेलते हैं। कई घंटे तक होने वाली इस अजीबोगरीब परंपरा में सुअर भी बुरी तरह से घायल हो जाता है। और आसपास के तमाम ग्रामीण इलाकों में दिवाली की अजीबोगरीब परंपराओं का आज भी निर्वहन होता है। गांवों में सुअर और गाय की लड़ाई कराकर दिवाली खेलने की परंपरा सदियों पुरानी है। बड़े– बड़े बुजुर्गों ने बताया कि दीपावली की रात से ही हर जगह त्योहार की धूम मचती है। कही परेवा के दिन सुअर और गाय में मुकाबला कराया जाता है तो कहीं भैयादूज के दिन यह रस्म सम्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि मानिकपुर खुली जगह में सैकड़ों सालों से दीपावली के बाद परेवा के दिन अजीबोगरीब दिवाली खेली जाती है। बुजुर्गों ने बताया कि पैसे देकर सुअर लाने के बाद उसके माथे पर पहले रोली अक्षत से टीका किया जाता है फिर रस्सी से बांधकर उसे दिवाली खेलने वालों को सौंपा जाता है।

दिवाली खेलने वाले मौनिए गाय के आगे सुअर लाते है। ढोल– नगारे के बीच गाय, सुअर को उठाकर जमीन पर कई बार पटकती है, जिससे सुअर घायल हो जाता है। सुअर और गाय के बीच लड़ाई के दौरान लाठियों से लैस मौनिए जमकर दिवाली नृत्य करते हैं। यह कार्यक्रम शाम तक चलता है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी जुटती है।

गुस्ताख ए रसूल के खिलाफ जुलूस की तैयारी को लेकर सीमांचल अधिकार मंच ने किया कोर कमेटी के साथ बैठक

लोक तंत्र की आवाज

फारबिसगंज। 9 नवंबर 2024 को फारबिसगंज के आलम टोला में सीमांचल अधिकार मंच द्वारा गुस्ताख ए रसूल के खिलाफ होने वाले जुलूस की सफलता पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद ने की, जिसमें कई स्थानीय नेता और सदस्य शामिल हुए।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि जुलूस पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। नारेबाजी पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की उत्तेजना या विवाद से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त, जुलूस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वोलंटियर्स की तैनाती की जाएगी। ये वोलंटियर्स जुलूस में शामिल लोगों को उचित दिशा–निर्देश देंगे और किसी भी अप्रिय घटना को टालने में मदद करेंगे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जुलूस की वीडियो ग्राफी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी, ताकि आयोजन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद ने कहा, ₹हमारी एक ही मांग है कि गुस्ताख ए रसूल को फांसी की सजा दी जाए। यह कदम भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक है, ताकि कोई भी व्यक्ति हमारे नबी की शान में गुस्ताखी करने का साहस न कर सके।बैठक में प्रमुख रूप से शामिल सदस्य थे:शाहजहां शाद (अध्यक्ष),इकराम अंसारी (सचिव),मौलाना अब्दुल रहमान कासमी (कोषाध्यक्ष),गुड्डू अली,राशिद जुनैद,मौलाना आस मोहम्मद,वाहिद अंसारी,इरफान अंसारी,खताब अंसारी,नौशाद अहमद,हाजी तहसीन दिलशाद अहमद,कपिल अंसारी,सैफ अली,मौलाना फिरोज नोमानी,इरशाद सिद्दीकी,मुमताज सलाम,मुख्तार आलम (सरपंच प्रतिनिधि),मास्टर तारिक अनवर,औरंगजेब,जावेद अख्तर,हाफिज उमर फारूक,मुफ्ती याकुब,मो० असगर।

सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे मिलकर इस जुलूस को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्य करेंगे। बैठक के अंत में, यह भी चर्चा की गई कि जुलूस में शामिल सभी लोगों को स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए जाएंगे, जिससे आयोजन सुरक्षित और व्यवस्थित रहे। इस बैठक के जरिए सीमांचल अधिकार मंच ने एकजुटता और संगठन के साथ इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

भाजपा नेता पंडित अजय झा ने किया नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के घुरना बाजार में डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज

नरपतगंज। घुरना बाजार के हरिपुर ग्राम में आयोजित डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन वरीय समाजसेवी और भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पंडित अजय कुमार झा ने धूमधाम से किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल बना।

उद्घाटन समारोह में पंडित अजय कुमार झा के साथ कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें अमोल झा (समिति), बच्चा झा (काली मंदिर अध्यक्ष), कमलेश साह (फुलकाहा मंडल अध्यक्ष), जानू झा (महामंत्री), राहुल झा (समाज सेवक), प्रवीण झा, गुलशन झा (सदस्य), रमेश मेहता, रामकृपाल मेहता, पेंटर झा, शंकर झा, विजय यादव आदि शामिल रहे।

उद्घाटन के बाद, पंडित अजय कुमार झा ने कहा, यह मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि हमारे समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं। मैं आशा करता हूं कि यह मेला हर वर्ष आयोजित किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्र की खुशियों का प्रतीक बनेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और अन्य गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे बच्चों और परिवारों को आनंद लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे इस मेले का भरपूर लाभ उठाएं और इसे सफल बनाएं।

मेले का महत्व : यह डिज्नीलैंड मेला स्थानीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। यहाँ पर लोग विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, और स्थानीय उत्पादों का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा, मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय समुदाय को एकजुट करने का प्रयास किया जा रहा है। पंडित अजय कुमार झा ने इस आयोजन को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया और स्थानीय निवासियों को इस प्रकार के आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

संक्षिप्त खबरें ।

कोइरिया : चित्रांश कायस्थ परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया चित्रगुप्त पूजा

लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

हंटरगंज(चतरा)। जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत स्थित कोइरिया मे कायस्थ परिवार के द्वारा धूम धाम से चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया जिसमे भगवान् चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित की गयी और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद वितरण किया गया। चित्रगुप्त पूजा का हिंदुओं के बीच खास महत्व है। यह दिवाली के बाद, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के दौरान मनाई जाती है। यह दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा के लिए समर्पित है, जिनकी कृपा से समृद्धि और सफलता की प्राप्ति होती है। चित्रगुप्त जी को कायस्थ समुदाय का संस्थापक माना जाता है। पूजा पंडाल मे पाण्डेयपुरा पंचायत के मुखिया पति सह समाजसेवी सुनील रजक उपस्थित हुए और प्रसाद पाया। पूजा मे अवधेश सिन्हा, कृष्णमुरारी प्रसाद,विनय सिन्हा,मिथलेश सिन्हा,नीरज सिन्हा,धीरज सिन्हा,ब्रजेश सिन्हा,अनिल सिन्हा,रंजीत सिन्हा,अंकित सिन्हा,सौरभ सिन्हा, सौर्य सिन्हा समेत समस्त सिन्हा परिवार ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने की संकल्प साथ महिला मोर्चा की बैठक

लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करगलो पंचायत में महिला समूह की बैठक कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को माण्डू विधानसभा में भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया गया। जिसमेंअंबिया देवी की अध्यक्षता में, सभी महिला कार्यकर्ताओं का हृदय से स्वागत किया गया । यह अवसर हम सभी के लिए एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। हम सब मिलकर मांडू का विकास करेंगे, और इसके लिए हमें एक–दूसरे का समर्थन और सहयोग आवश्यक है। हमारी मेहनत और एकजुटता से ही हम चुनौतियों का सामना कर पाएंगे।आइए, हम संकल्प लें कि हम एक साथ मिलकर हर बाधा को पार करेंगे और मांडू को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाएंग महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की धर्मपत्नी श्रीमति ललिता देवी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि यह मैं विश्वास दिलाती हूँ कि हमारा समर्पण और सामूहिक प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाएगा।

बगोदर से निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश यादव को मिला ओटो छाप

लोकतंत्र की आवाज
अनिल कुमार (संवाददाता)

प्रखंड –बिरनी, गिरिडीह। बगोदर विधानसभा क्षेत्र में तीन ब्लॉक है बिरनी सरिया एवं बगोदर ।जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी दिनेश यादव जिन्हें ऑटो रिक्शा छाप दिया गया है। इसके बाद से दिनेश यादव जी बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत से पंचायत गांव से गांव अपना प्रचार प्रसार गुजारिश अनुरोध एवं अपील कर रहे हैं। वैसे तो हर प्रत्याशी अपने आपको दूसरे प्रत्याशी से हर तरह से ठीक ही नही सबसे ठीक प्रस्तुत करता है। जो भी हो भाग्य का सितारा कब और किसका बुलंदी को छू ले फिलहाल कहा नहीं जा सकता है यह सभी अभी भविष्य की गर्भ में है।

चुनाव को ले प्रशासन सख्त, वाहन जांच अभियान तेज

लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

हंटरगंज(चतरा। चतरा विधानसभा चुनाव को सफल बनाने एवं शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए सभी सरकारी तंत्र अपने कर्तव्यों में जुट गया है। 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चतरा पुलिस प्रशासन चौकस है। विधि–व्यवस्था में चूक न हो इसे लेकर जिले की सभी सीमांत एवं सीमा आरंभ पर पुलिस चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां हर समय पुलिस बल की तैनाती है। वैसे संदिग्ध लोगों पर पुलिस प्रशासन अपनी निगाहें भी टिकाए हुई है, जो शांति व्यवस्था में खलल डालना चाहता है। इसी संदर्भ में हंटरगंज पुलिस ने चतरा–डोभी मुख्य मार्ग पर रविवार को हंटरगंज प्रतापपुर मोड़ के समीप सघन अभियान चलाकर वाहन जांच की। इसमें मुख्य रूप से सभी वाहन के डिक्की की तलाशी ली गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप रहा।

बरॉय पंचायत में सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा को अलविदा कह कर भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण की

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। बिष्णुगढ़ भारतीय जनता पार्टी से त्रस्त और भाजपा से परस्त लोगों ने विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम पंचायत बरॉय, नउवाडीह में भाजपा के सैकड़ों ग्रामीण युवाओं, महिला तथा पुरुषों ने पार्टी को अलविदा कह कर भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण किया सदस्यता लेने वालों को माले के जुझारू विधायक बगोदर विधानसभा के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने पार्टी का झंडा और माला देकर सदस्यता ग्रहण कराया जिसमें राजेश मंडल, विजय मंडल, प्रीतम मंडल, मुकेश मंडल, संजय प्रसाद, संदीप प्रसाद, कैलाश प्रसाद, उमेश प्रसाद, आंनन्द प्रसाद, देवनारायण प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, राहुल प्रसाद, भोला प्रसाद, सुगन प्रसाद, सोनी देवी, पिमला देवी, यशोदा देवी, अनीता देवी, सावित्री देवी, टुकनी देवी, मंजू देवी, कालेश्वरी देवी, बीना देवी, कंचन देवी, प्रिया देवी, लक्ष्मी देवी, सुनील कु0 साव, द्रोपती देवी, निरिया देवी, प्रकाश साव, छोटी प्रसाद, प्रदीप मंडल, प्रभात मंडल, दुलारचंद मंडल, रोहित मंडल और प्रभु नारायण आदि ने भाकपा माले में शामिल होकर बगोदर विधायक सह विधानसभा में इण्डिया गठबंधन के प्रत्यासी कॉ0विनोद कुमार सिंह को जिताने का संकल्प लिया।

सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि झारखंड अलग हुए 24 साल बीत गए लेकिन भाजपा ने कुछ नहीं किया जबकि 17 साल राज करने का मौका जनता ने उसे दिया था हम लोगों के विधायक विनोद सिंह क्षेत्र की चौमुखी विकास के लिए हर समय तत्पर रहते हैं आम अवाम की समस्याओं से हर समय जूझते हैं इसलिए हम लोगों ने एक स्वर से भाजपा को त्याग देकर भाजपा मलिक के पक्ष में सदस्यता ग्रहण किया इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य शेख तैयब प्रखंड सचिव जानकी शर्मा प्रमुख प्रतिनिधि बिलाल अंसारी पंचायत समिति प्रतिनिधि मनोज मंडल महादेव मंडल रामेश्वर दास महेश यादव घनश्याम पाठक कामेश्वर यादव समेत सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

बरकट्ठा झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने किया जयनगर प्रखंड के दर्जनों गाँव का दौरा

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन समर्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवार सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का जयनगर प्रखंड के योगियाटिलहा, प्रतापुर, सतड़िहा, नौकाडीह, बदड़िहा, आरामुगो, लतबेधवा, नवादा, उडालो, चंद्रपुर, चेहाल, पहाड़पुर, पपरामो, बिहारो, महेशमराय, कुशाहन, सुगासाख, बराडीहा, डहुआटोल, घंघरी, करियावां, तमाय, धरायडीह, बिगहा, चक–चुटियारो, चंद्रघटि, सोनपुरा, बिसोडीह, मंझगवाँ, खेड़ोबार, डुमरडीहा, सिंगारडीह, कोषमाडीह, हीरोडीह, तेतरियाडीह, रेभनाडीह सहित दर्जनों गाँव में जनसंपर्क कर लोगों को तीर–धनुष छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया। लोगों का अथाह जनसमर्थन मिल रहा है। सबों ने ठान लिया है विकास पुरुष जानकी प्रसाद यादव को जिताना है और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में रुके हुए विकास की गति को आगे बढ़ाना है।

● हर गली में बस एक ही नारा, फिर एक बार हेमन्त हमारा

झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुँच चुका है। इसलिए पुनः राज्य में हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है, विधानसभा क्षेत्र में रुके हुये कार्य को गति देने के लिए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी के रूप में खड़ा हुआ हूँ। आप सब एकजुट होकर वोट करें।

अरगाघाट पुल छठ पूजा पूर्व सोलर लाइट से जगमगा उठा

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह,झारखंड। गिरिडीह अरगा घाट पुल छठ पूजा पूर्व सोलर लाइट से जगमगा उठा ।यह पुल अरगा घाट को शीतलपुर एवं पांडेडीह से मुख्य रूप से जोड़ती है यहां गौर करने की बात यह है कि 3. 11 .2024 को करीब 6 सोलर लाइट सोलर प्लेट के साथ लगाए गए उसमें एक दो को छोड़कर सभी लाइट अल्पायु है वह ऐसे की सोलर लाइट लगाने हेतु जो गड्ढा किया गया है उसमें सोलर लाइट पोल यदि खड़ा कर भी दिया गया तो किसी ने किसी प्रकार से या तो लाइट पॉल गिरेगी या फिर कुछ कुछ शैतानी दिमाग वाले व्यक्ति द्वारा चोरी की संभावना हो सकती है मैंने स्वयं जाकर जब फोन लगाने हेतु किए गए गड्ढे का निरीक्षण किया तो वह गद्दा नाम मात्र को था ऐसा लग रहा था मानो किसी डेकोरेटर के द्वारा कुछ दिनों के लिए यह पल लगाया गया है वैसे भी यह सरकारी रुपयो का सदुपयोग है या दुरुपयोग आने वाले समय में ही पता चल पाएगा।

विष्णुगढ़ की जनता बदलाव को है तैयार, जेएलकेएम मांडू विधानसभा की तकदीर और तस्वीर बदलेगी : बिहारी महतो

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में मांडू विधानसभा प्रत्यासी बिहारी महतो जी का प्रथम जनसंपर्क अभियान झारखंड आंदोलनकारी स्व० टेकलाल महतो की पावन भूमि से शुरुआत की गई।

जनसंपर्क से पूर्व अहले सुबह नागी पंचायत स्थित पहाड़ी बाबा प्रांगण में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क के लिए निकले।जनसंपर्क शुरुआत नरकी पंचायत से की गई गई।

उपस्थित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं माता बहनों ने तिलक ,चंदन ,आरती एवं फूल माला पहनाकर , ढोल नगाड़ों के साथ बिहारी महतो जी का भव्य स्वागत किया गया। बिहारी महतो ने कहा की खछडट सुप्रीमों जयराम महतो जी के विचारधारा से अपार समर्थन मिल रहा है।

लोगों के आंखों में बदलाव की उम्मीद जगी है, वर्षों से स्थानीय विधायक होने के बावजूद यहां के लोग शोषित पीड़ित हैं,रोजगार का कोई साधन नहीं है, लोग देश विदेश में पलायन को मजबूर है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, शिक्षा,स्वास्थ्य व्यवस्था काफी बेहाल है। केवल हर बार नली,गली ,सड़क ,पुल पुलिया की हवाला देकर वोट लेने वाले विधायक के प्रखंड क्षेत्र की स्थिति काफी दैनीय है।

इस बार जनता बदलाव की मूड में हैं, जेएलकेएम चुनाव जीतते ही घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करेगी। जनसंपर्क अभियान नरकी, खरकी, गालहोबार ,जोबर, मडमो, सरुकूदार, चानो, नागी पंचायतों में चलाई गई। जन संपर्क अभियान में केंद्रीय कमिटी ,जिला कमिटी,प्रखंड कमिटी ,पंचायत कमिटी के पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

पाण्डेयपुरा : बहनों ने भाइयों की लम्बी उम्र के लिए मनाया भैया दूज

लोकतंत्र की आवाज

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज(चतरा)। जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित पाण्डेयपुरा के तिवारी टोला व विभिन्न जगहों पर भाइयो की लम्बी उम्र के लिए बहनो ने भैया दूज पर्व काफी धुमधाम के साथ मनाया। भाई दूज के पर्व का बेहद खास महत्व है। यह त्योहार कार्तिक माह में मनाया जाता है। इस दिन यम देवता की पूजा–अर्चना करने का विधान है।

इस शुभ अवसर पर बहनें स्नान–ध्यान के बाद यम देव की पूजा करती हैं और अपने भाई के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और माथे पर तिलक करती हैं। इस दौरान कथा का पाठ जरूर करती है। ऐसा माना जाता है कथा का पाठ करने से भाई और बहन के रिश्ते में मधुरता आती है। साथ ही भाई को लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता है।बहनें अपने भाइयो के लिए समाठ से चना ,सुपारी कुटकर एवं टीका लगाकर मिठाई खिलाती है। अनाज कुटते समय पारंपरिक गीत 'आंवला कुटिला भौंरा कुटिला ,कुटिला यम के दुआर कुटिला भैया के दुश्मन, चारो पहर दीन रात '' गीत गाती है और भाई की दीर्घायु की कामना करती है।पूजन कार्यक्रम मे अदिति, आरुषि, श्रुति, ट्विंकल, रिद्धि, जुली,निमिषा, प्रीति, निधि, प्रतिज्ञा,लाडो आदि बहने शामिल थी।

अटल जी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नया दल सुशासन और ईमानदारी की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध: झारखंड विधानसभा चुनाव में उतारे उम्मीदवार

लोकतंत्र की आवाज

घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। यशवंत सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हाल ही में मैंने और कई साथियों ने मिलकर अटल विचार मंच नामक एक नए राजनीतिक दल का गठन किया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार से ग्रस्त देश को फिर से सुचिता और ईमानदारी की ओर ले जाना है। ईमानदारी का सबसे बड़ा उदाहरण इस देश में तब देखने को मिला जब अटल जी की सरकार लोकसभा में एक वोट से हार गई थी। उस समय अटल जी ने कहा था, ₹मंडी सजी हुई थी, मंडी में माल भी था, माल बिकाऊभी था पर हमने खरीदना उचित नहीं समझा। भारत के राजनीतिक इतिहास में ईमानदारी का इससे बड़ा उदाहरण मिलना कठिन है।

अटल जी की सरकार में किए गए कार्य आज भी याद किए जाते हैं। सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक था झारखंड का अलग राज्य के रूप में गठन। झारखंड को अलग राज्य बने हुए 24 साल हो गए हैं, लेकिन क्या यह अटल जी के सपनों का झारखंड बन पाया? अटल जी सुशासन के समर्थक थे, और इसलिए उनके जन्मदिन, 25 दिसंबर को, सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल विचार मंच झारखंड में सुशासन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा अब एक बदली हुई पार्टी है। अब लोकसभा और विधानसभा की सीटें सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को दी जाती हैं। केंद्र सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और इलेक्ट्रोल बॉन्ड इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। गोदी मीडिया के सहारे सरकार अपने कुकर्मों को छुपाती है। मीडिया विपक्ष से तो सवाल पूछती है, पर सरकार से नहीं। देश में खौफ का वातावरण है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग चरम पर है। भाजपा और उसकी सरकार तब तक ईमानदार है जब तक वह सत्ता में है। जिस दिन उनके हाथ से सत्ता जाएगी, उनके काले कारनामों का पर्दाफाश होगा और कई बड़े–बड़े लोग जेल जाएंगे। यह अब हम लोगों की भाजपा नहीं है। असली भाजपा अटल विचार मंच ही है।

आज झारखंड में प्राकृतिक संसाधनों के गलत दोहन की वजह से अपराधीकरण एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। यह एक गंभीर और चिंतन योग्य विषय है। झारखंड में सुशासन स्थापित करने के लिए सबसे पहले अपराध और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण स्थापित करना होगा। प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के लिए सही नीति बनानी पड़ेगी। अटल विचार मंच रेवड़ी कल्चर का विरोधी है। मौलिक बात है कि हर हाथ को काम उपलब्ध कराना है। जब सब कोई कमाने लगेगा तो मुफ्त की रेवड़ी की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।

उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी है। झारखंड की जनता से अपील है कि वे इन उम्मीदवारों को अपना समर्थन देकर भारी बहुमत से विजय बनाऐ।

झारखंड विधानसभा के चुनाव में 'अटल विचार मंच' ने भी अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं, जिनकी सूची निम्नलिखित है

1. अजमल बलखी, इचागढ़ 50, चुनाव चिन्ह: ऑटो रिक्शा (टेंपो)
2. सागर कुमार तिवारी, जमशेदपुर पूर्वी 48, चुनाव चिन्ह: सिटी
3. दिवाकर प्रसाद साहू, हटिया 64, चुनाव चिन्ह: कंप्यूटर
4. विपिन कुमार सिन्हा, मांडू 24, चुनाव चिन्ह: बल्लेबाज
5. जगतार सिंह, बड़कागांव 22, चुनाव चिन्ह: डीजल पंप
6. रामाशीष सिंह (आशीष सिंह), बरही 21, चुनाव चिन्ह: मोतियों की माला
7. अनूप कुमार (अनूप भाई), बरकट्ठा 20, चुनाव चिन्ह: फूलगोभी
8. देवेंद्र गुप्ता, धनवार 28, चुनाव चिन्ह: गैस चूल्हा
9. दीप नारायण सिंह, टुंडी 42, चुनाव चिन्ह: गुब्बारा

झारखंड का विधानसभा चुनाव आम चुनाव नहीं है ,बल्कि रोटी बेटी और माटी को बचाने का चुनाव है :अमित शाह

लोकतंत्र की आवाज

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
सिमरिया (चतरा)। केंद्रीय गृह मंत्रीअमित शाह ने रविवार को सिमरिया में आयोजित विजय संकल्प सभा में अपने संबोधन में कहा कि यह चुनावआम चुनाव नहीं है बल्कि झारखंड की रोटी बेटी और माटी को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सिमरिया से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास एवं चतरा विधानसभा के एनडीए के प्रत्याशी जनार्दन पासवान को भारी बहुमत से जिताने की बात कही ।आगे अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि

झारखंड की महान जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार चाहिए । घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके । ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली बीजेपी सरकार चाहिए ।

गृह मंत्री अमित शाह ने वर्तमान राज्य सरकार पर घुसपैठियों को समर्थन देने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में घुसपैठियों की वजह से ?आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन मैं है। मै आपसे वादा करता हूं कि बीजेपी सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी । हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे ।हम घोटाला करने वालों को उल्टा करके सीधा कर देंगे ।

संक्षिप्त खबरें ।

स्वच्छता कर्मी द्वारा छठ घाट की हुई साफ सफाई

लोकतंत्र की आवाज
रामजी कुमार
पूसा/समस्तीपुर। ग्राम पंचायत राज मोरसंड के मुखिया अनीता देवी कि अध्यक्षता में छठ पूजा को ले कर ग्राम पंचायत राज मोरसंड के स्वच्छता कर्मी द्वारा छठ घाट की साफ सफाई की गई। जिसमें जदयू पूसा प्रखंड अध्यक्ष रणधीर कुमार एवं शिक्षक राजकुमार पासवान ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।स्वच्छता परवेक्षक ग्राम पंचायत राज मोरसंड रवि कुमार इस दौरान अपनी सत्रिय भूमिका निभा रहे थे।

खानपुर में रावण दहन किया गया

लोकतंत्र की आवाज
दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखण्ड के पंचायत नत्थूद्वार बुजुर्गद्वार में शनिवार को रावण दहन 6 :00 बजे शाम में किया गया। वैसे तो रावण दहन दशहरे को किया जाता है। प्रखण्ड में दशहरा पर दो जगहों इल्मासनगर और बछौली में किया गया था। वही बछोली और नत्थूद्वार एक दूसरे के सटे पंचायत है। इस अवसर पर खानपुर थाना पुलिस उपस्थित रहे। वही मुखिया उमर आलम सहित बरी संख्या में लोग मौजूद थे।

मोतीपुर सब्जी मंडी के आसपास नेशनल हाईवे के किनारे का फ्लैंक ध्वस्त होने के कारण बढ़ा सड़क दुर्घटना: सुरेंद्र

ताजपुर/समस्तीपुर। मोतीपुर सब्जी मंडी के आसपास स्थित नेशनल हाईवे के किनारे का फ्लैंक ध्वस्त होने के कारण सड़क दुर्घटना बढ़ गया है। हाईवे ऑथोरिटी अविलंब फ्लैंक निर्माण कराएं अन्यथा भाकपा माले एवं किसान महासभा सड़क जाम आंदोलन चलाने को बाध्य होगी। ये बातें क्षेत्र भ्रमण के बाद रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने कहा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान शंकर सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, राजदेव प्रसाद सिंह आदि मौके पर मौजूद थे। माले नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं किसान नेता ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि सब्जी मंडी के आसपास सड़क किनारे का फ्लैंक धंसा हुआ है। इस वजह से ट्रक, बस के हार्न देने से बाईक, बाईक, पैदल यात्री आदि हाईवे से नीचे नही उतर पाते हैं। फ्लैंक के आभाव में नीचे उतरने पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाएंगे या फिर सड़क पर चलने से पीछे से आ रही गाड़ी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि दुर्घटना के समय अधिकारी फ्लैंक बनवाने का आश्वासन दे देते हैं लेकिन बाद में मामला जस का तस रह जाता है। माले नेता ने कहा है कि जिला प्रशासन एवं हाईवे ऑथोरिटी अविलंब फ्लैंक का निर्माण कर सड़क दुर्घटना रोकने का उपाय करें अन्यथा भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा किसान, मजदूर, गद्दीदार एवं व्यापारी को एकताबद्ध कर सब्जी मंडी के पास सड़क जाम आंदोलन शुरू करेगी।

रविवार की शाम प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय द्वारा यूआर कॉलेज परिसर का किया निरीक्षण

लोक तंत्र की आवाज
रोसड़ा। यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने रविवार की शाम को कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बर्सर डॉ. विनय कुमार, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. अमरेश कुमार सिंह और आउटसोर्सिंग कर्मी सुजीत, सुनील, जीतू पासवान आदि भी उपस्थित थे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य महापर्व छठ के दौरान परिसर में होने वाली तैयारियों की जांच करना था। ज्ञात हो कि कॉलेज परिसर स्थित तालाब में छठ पूजा के संध्या और प्रात: अर्घ्य के लिए आस–पास के हजारों लोग आते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रशासन ने साफ–सफाई एवं सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रधानाचार्य डॉ. राय ने बताया कि कॉलेज के प्रशासनिक भवन को रंग–बिरंगे टुन्नी बल्बों से सजाया गया है और परिसर में वेपर लाइट की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि पेड़–पौधों की छठाई की गई है ताकि परिसर में सुंदरता और स्वच्छता बनी रहे। डॉ. राय ने कहा कि छठ पर्व मनाने के लिए दूर–दूर से लोग अपने गांव आते हैं। इसलिए, कॉलेज परिवार छठ व्रतियों का परिसर में गर्मजोशी से स्वागत करेगा और उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

शहीद के शहादत पर प्रशासन का एक माला भी नसीब नहीं : मंजू सिंह

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहिबगंज। जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक के दौरान 2001 में शहीद हुए सिपाही सुबोध सिंह कि शहादत दिवस पर न्यू झारखंड युवा क्लब की ओर से प्रत्येक वर्ष शहीद सुबोध सिंह का शहादत दिवस मनाते है।वही आज न्यू झारखंड युवा क्लब के तत्वाधान में शहीद सुबोध सिंह का शहादत दिवस मनाया गया।इस दौरान शहीद सुबोध सिंह की पत्नी मंजू सिंह,क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव,समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनवर अली,बसंत श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने शहीद सुबोध सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने उनकी पत्नी को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम के दौरान शहीद कि पत्नी मंजू सिंह का दर्द छलका कही देश के लिए शहीद होने वाले सैनिक के शहादत दिवस पर प्रशासन को एक फूल माला के लिए समय नही मिलता यह इस देश के शहीदों का अपमान हैं।इस अवसर पर क्लब की ओर से भाषण प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे विजेता प्रतिभागी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव समाज सेवी सिद्धेश्वर मंडल,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनवर अली,बसंत श्रीवास्तव,मुरलीधर तिवारी,ओम शंकर सिंह,संध्या सिंह,पूनम सिंह,गौतम सिंह,ज्योति मिश्रा,संजीव झा,अमन कुमार,गुड़िया कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कायस्थ समाज के लोगों ने की भगवान चित्रगुप्त व कलम–दावात की पूजा

लोकतंत्र की आवाज
लहलादपुर (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रहने वाले कायस्थ समाज के लोगों द्वारा अपने अराध्य चित्रगुप्त भगवान की परम्परागत तरीके से पूजा–अर्चना काफी उत्साह पूर्वक किया गया। सादे कागज पर स्वस्तिक एवं चित्रगुप्त भगवान की आकृति बनाकर तथा किताब–कापी, बही–खाता, कलम–दावात व कण्डा का कलम रखकर उस पर फूल–फल चढ़ाकर पूजा किए। बताते चलें कि कायस्थ्य जाति के लोग कार्तिक महिने के शुक्ल पक्ष के दूज को न लिखते हैं और न पढ़ते ही हैं। जिस परम्परा का निर्वहन आज भी किया गया। वहीं हिन्दू समुदाय की महिलायें गाय के गोबर से बने गोधन भैया, सामा भौजी तथा खोड़लीच बहना की आकृति बनाकर गोवर्धन पूजा किया तथा अपने भाइयों को बजड़ी एवं मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु के लिये मंगल कामना की।

एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा पहुंची समस्तीपुर लोगों ने किया गया भव्य स्वागत

- चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम के अलावा, छह देश की टीम चीन, जापान, दक्षिण कोरिया थाईलैंड और मलेशिया की टीमें ले रही है भाग

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
समस्तीपुर। हॉकी का पर्व बिहार का गर्व स्लोगन के साथ एशियन हॉकी चैंपियंस महिला ट्रॉफी गौरव यात्रा रविवार को समस्तीपुर पहुंची। राजगीर से मुजफ्फरपुर होते हुए विशेष बस से चली इस ट्राफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत जिला प्रशासन ने किया।

शहर के पटेल मैदान में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, मोरवा विधायक रणविजय साहू, विधानपार्षद तरूण कुमार, महापौर अनीता राम, अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, नगर आयुक्त के.डी प्रज्जवल, डीडीसी संदीप शेखर प्रियदर्शी, एसडीएम दिलीप कुमार, ए.एसपी संजय कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर गुप्ता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नरेंद्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी आकाश सहित जिला के तमाम वरीय अधिकारियों ने ट्रॉफी का भव्य स्वागत किया। अवसर पर डीएम ने कहा कि आज का दिन समस्तीपुर के खेल इतिहास के लिए गौरव का पल है राज्य में पहली बार एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर के स्पोर्ट्स अकादमी नालंदा में हो रहा है। इस गौरव यात्रा से राज्य व जिले की महीलाएं व युवा प्रतिभा खेलों के प्रति जागरूक होगी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि इसकी मेजबानी करने का गौरव बिहार को मिला है। इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम के अलावा, छह देश की टीम चीन, जापान, दक्षिण कोरिया थाईलैंड और मलेशिया की टीमें भाग ले रही है। कहा कि यह गर्व एवं हर्ष का विषय है। पहली बार इतने बड़े लेवल पर यहां खेल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रॉफी को इतने नजदीक से देखकर जिले वासी व खेलप्रेमी काफी उत्साहित है।

थीम वाक्य–हॉकी का पर्व, बिहार का गर्व है. स्वागत समारोह में भारत स्काउट एण्ड गाइड के बैड बाजे की धूप पर ट्रॉफी को पटेल मैदान लाया गया. एंव चक दे इंडिया गाने की धुन पर बेहतरीन प्रदर्शन हुआ. इस दौरान डीएम रोशन, विधानपार्षद, नगर आयुक्त, डीडीसी, एसडीएम सहित सभी अधिकारियों ने हॉकी खेली. कार्यक्रम का संचालन सौरभ चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर आयुक्त ने किया। अवसर पर शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, राहुल कुमार, रजनीश कुमार, उमेश कुमार सहित कई शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

किसानों के साथ हुआ है धोखा माले नेता ने लिया संज्ञान मुआवजा नही मिलने पर देदी आंदोलन की चेतावनी

- पूसा किसानों को मुफ्त में मिले धान के बीज की बुआई करने से हुआ भारी नुकसान

लोकतंत्र की आबाज

रामजी कुमार
पूसा/समस्तीपुर। भाकपा–माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड के चकले वैनी पंचायत के अनुसूचित जाति के किसानों को मुफ्त में मिले धान के बीज की बुआई करने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) पूसा के अध्यक्ष उचित मुआवजा दें।

किसानों से बात करने पर उन्होंने बताया है कि उनके खेतो में हुए फसल में धान की बाली में दाना नहीं है। जिससे उनकी मेहनत व खेती में लगा पैसा बर्बाद हो गया। ऐसे पीड़ित किसानों की संख्या सैकड़ों में है। किसानों ने बताया कि जुलाई माह में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, पूसा (आईएआरआई) के अध्यक्ष ने अपने वैज्ञानिको के साथ गांव में शिविर लगा अनुसूचित जाति के किसानों के बीच मुफ्त धान का बीज वितरित किया था। लेकिन फसल होने पर उन पर आफत टूट पड़ा। फसल तैयार होने के बाद जब धान की बाली सें दाना ही नहीं था। जिससे किसानों के होश उड़ गये। किसानों का आरोप था कि वे लोग इसकी शिकायत करने संस्थान कार्यालय पहुंचे तो उनके साथ दुर्व्यवहार करने के साथ पुलिस का घौंस दिखा भगा दिया गया।भाकपा–माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने आईएआरआई के अध्यक्ष से अविलंब किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। तत्काल मुआवजा नहीं देने पर संस्थान के अध्यक्ष के खिलाफ भाकपा–माले आंदोलन करने को बाध्य होगी।

गिद्धौर : जेएमएम कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड अन्तर्गत बारियातु पंचायत के भुरकुंडा गांव में रविवार को जेएमएम पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक किया।बैठक जेएमएम प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में व संचालन राजेश कुशवाहा ने किया।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाये गये बिजली बिल माफी योजना,कृषि ऋण माफी योजना,मंइयां सम्मान योजना,किशोरी समृद्धि योजना,सर्वजन पेंशन सहित अन्य की जानकारी दिया गया। साथ ही सिमरीया विधानसभा महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा के तीर धनुष छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया।बैठक में बिरेंद्र भुइंयां,कैलाश भुइंयां, कन्हाई भुइंयां, नंदलाल भुइंयां, कुर्मी देवी,कबूतरी देवी,रेखा देवी,बबीता देवी समेत कई लोग शामिल थे।

भगवान चित्रगुप्त की हुई सामूहिक पूजा आराधना

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
साहिबगंज। यम द्वितीया के अवसर पर 3 नवंबर रविवार को साहिबगंज शहर के साक्षरता मोड़ के निकट स्थित चित्रगुप्त भगवान के मंदिर में सामूहिक पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया।चित्रगुप्त परिवार न्यास समिति के द्वारा आयोजित सामूहिक पूजा अर्चना में साहिबगंज शहर के कायस्थ परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।पूजा अर्चना साहिबगंज शहर के जाने–माने पुरोहित पंडित प्रमोद पांडे एवं आचार्य गोकर्ण शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्र कर के साथ कराया गया.

कार्यक्रम में न्यास समिति के अध्यक्ष कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव सचिव आलोक वर्मा के अलावा प्रमुख सदस्यों में प्रोफेसर अरुण कुमार सिन्हा डॉक्टर शकुंतला सहाय दयानंद प्रसाद विनय कुमार चंदन श्रीवास्तव राजीव निरंजन सिन्हा कुमार चंदन कैलाश वर्मा अशोक सिंह सुधीर श्रीवास्तव विजय कर्ण कमलाकांत श्रीवास्तव सहित साहिबगंज में निवास करने वाले कायस्थ परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।इस अवसर पर न्यास समिति के अध्यक्ष कल्याण श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त की काया से उत्पन्न सभी सदस्य कायस्थ परिवार के सदस्य कहलाते हैं.कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी के विशेष पूजा अर्चना आदिकाल से होती आ रही है.साहिबगंज शहर में 1981 से अस्थाई रूप से निर्मित मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित होता है जबकि इससे पूर्व रॉबर्टशन क्लब बंगाली टोला और रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट में पूजा का आयोजन होता था.स्थाई मंदिर में भगवान श्री चित्रगुप्त के स्थाई प्रतिमा का भी पिछले वर्ष प्राण प्रतिष्ठा आयोजित किया जा चुका है. सचिव आलोक वर्मा ने बताया कि चित्रगुप्त पूजन उत्सव के अवसर पर विशेष रूप से संध्या के समय भजन कीर्तन का भी आयोजन स्थानीय कलाकारों के द्वारा संपन्न हुआ।

पारंपरिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मना अन्नकूट, गोवर्द्धन व चित्रगुप्त पूजा

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को एकमा नगर पंचायत व ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व पारंपरिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान गायों की पूजा करने के अलावा मंदिरों में पूजा–अर्चना कर भगवान कृष्ण के प्रतीक रूप में आमडाढ़ी पंचायत के रामपुर गांव स्थित चंदन श्रीवास्तव के आवासीय परिसर में गोवर्द्धन को 56 भोग के भोजन से भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया गया।

चंदन श्रीवास्तव ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में इंद्र देव की जगह गोवर्द्धन पर्वत की पूजा शुरू कराई थी। जिससे क्रोधित इंद्र भगवान ने सात दिनों तक भयंकर बारिश की, जिससे ब्रज डूबने लगा। जिसके बाद श्रीकृष्ण ने अपनी अंगुली पर गोवर्द्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। जिसके बाद भगवान इंद्र देव का घमंड भी टूट गया था। तभी से कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्द्धन पूजा की परंपरा की शुरुआत हुई।

टंडवा: भाड़ा वृद्धि की मांग ट्रांसपोर्टरों ने नकारा, वाहन मालिकों ने कसी कमर

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
टंडवा (चतरा)। पिछले दिनों भाड़ा वृद्धि समेत दस सूत्री मांगों के संदर्भ में रविवार को आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के सेरनदाग में विस्थापित हायवा संयोजक मंडली के बैनर तले वाहन मालिकों व ट्रांसपोर्टरों की आयोजित द्विपक्षीय वार्ता विफल हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आम्रपाली से एनटीपीसी तक कोयले की ढुलाई हेतु 190 रुपये प्रति टन की मांग की गई जिसे ओडिशा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) एवं प्रणव नमन (पीएनएम) के ट्रांसपोर्टरों ने 162 रुपए प्रति टन से अधिक देने में साफ इंकार कर दिया। जानकारी देते हुवे संयोजक मंडली के अध्यक्ष बिजय साहु ने वार्ता विफल बताते हुवे कहा कि संघ अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह से अडिग है। ट्रांसपोर्टरों द्वारा स्थानीय वाहन मालिकों को लगातार शोषण करते रहे हैं।अब उनकी मंसूबों को कामयाब नहीं होने देंगे। सूत्रों की मानें तो वाहन मालिक शीघ्र हीं जोरदार आंदोलन की आगाज कर सकते हैं। वार्ता में परवेज आलम, गणेश साहु,राय चौधरी, महताब आलम, सुरेश साहु, रंजीत महतो,महाबीर साव, सकेन्द्र साव, दीपक महतो,सुनील सुंडी, जितेन्द्र कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

शिक्षाविद अनिश पंकज मिश्रा की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज़

गया। नवादा विधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीएन मिश्रा के अनुज पुत्र, कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि रहे हैं।दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम डॉ डीएन मिश्रा की आवास नूतन नगर कालीबाड़ी में आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं और विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की है। जिन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और अपने–अपने बाणी से संबोधन कर श्रद्धांजलि दीकार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. डीएन मिश्रा सहित परिवार के सभी सदस्य गण सहित सभी आए हुए गणमान्य लोगों के द्वारा दिवंगत अनीश पंकज मिश्रा के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई है ।

इस अवसर पर डॉक्टर डी एन मिश्रा ने कहा उनका पुत्र न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक प्रतिनिधि ही नहीं बल्कि उन्होंने अपने शिक्षकों और छात्रों को प्रेरित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके योगदान को याद करते हुए भावुक हो गए डॉ. मिश्रा ने बताया कि किस प्रकार उनका पुत्र शिक्षा के प्रति समर्पित थे और उन्होंने छात्रों के विकास के लिए अनेक पहल की है।इस कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने भी अपने विचार साझा किए हैं। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ताने कहा अनीश पंकज मिश्रा का योगदान शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय था। उन्होंने न केवल ज्ञान प्रदान किया, बल्कि छात्रों को एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा भी दी।₹ इस दौरान सभी ने भावुक मन सेकहा उनकी मृत्यु को एक अपूरणीय क्षति बताया और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कई शिक्षाविदों ने भी अपने अनुभव साझा किए। हमेशा प्रेरित करते थे। उनकी शिक्षाएं आज भी हमारे साथ हैं।₹ इससे यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने अपने छात्रों के जीवन में गहरी छाप छोड़ी थी।कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्ति की . मिश्रा का योगदान को सभी ने सराहा और यह संकल्प लिया कि उनके कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे।कार्यक्रम का समापन एक मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई हैं।जिसमें सभी ने एक साथ मिलकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। इस कार्यक्रम ने न केवल अनीश मिश्रा के योगदान को याद करने का अवसर दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उनकी शिक्षाएं और विचार हमेशा जीवित रहें हैं।इस प्रकार, यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम न केवल एक भावुक पल था, बल्कि यह शिक्षा के प्रति अनीश मिश्रा की स्थायी विरासत को मनाने का एक अवसर भी था। उनके कार्यों को याद करते हुए सभी ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में उनके दिखाए मार्ग पर चलेंगे।

कोडरमा इवनिंग कॉलेज के प्रचाच डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा अनीश पंकज मेरा छोटा भाई था शिक्षा जगत से जुड़े कई ऐसे कार्यक्रम किए हैं जो भुलाया नहीं जा सकता है शिक्षकों और छात्रों को अपने परिवार के सदस्य की तरह व्यवहार करते थे गुरु और शिष्य की तरह नहीं मित्र के रूप में मिलकर समस्या का समाधान करते थे आज हम सबों के बीच में नहीं है लेकिन उनके सिद्धांत विचार जीवित है अनीश पंकज की अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्पीत है आज श्रद्धांजलि सभा में में आए हुए सभी अतिथियों को आभार प्रकट करता हूं।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।